दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 02 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 253 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## हाईकोर्ट आरक्षण आंदोलन पर सख्त

### कहा- मनोज जरांगे व समर्थक आज दोपहर तक सभी सड़कें खाली करें



**मुंबई।** मराठा आरक्षण आंदोलन पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। अदालत की पीठ ने कहा कि मनोज जरांगे के नेतृत्व वाला विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है और इसमें सभी शर्तों का उल्लंघन किया गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई में चल रहे आंदोलन पर तत्काल सुनवाई करते हुए कहा कि हमने कुछ शर्तों के साथ विरोध प्रदर्शन की अनुमति दी थी, जिनका प्रदर्शनकारियों ने उल्लंघन किया है। प्रदर्शनकारियों ने शहर को ठप कर दिया है और उन्होंने अदालत को दिए गए अपने हलफनामे का पालन नहीं किया है।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को कहा कि मराठा आरक्षण आंदोलन के कारण पूरा मुंबई ठप हो गया है। इसके साथ ही अदालत ने माना कि आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं रहा और प्रदर्शनकारियों ने सभी शर्तों का उल्लंघन किया है। अदालत ने आदेश दिया कि मंगलवार दोपहर तक शहर की सभी सड़कें खाली कर दी जाएं।

न्यायमूर्ति रविंद्र घुगे और गौतम अंकल के खंडपीठ ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को सिर्फ आजाद मैदान में धरना देने की अनुमति थी, लेकिन वे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, चर्चगेट स्टेशन, मरीन ड्राइव और यहां तक कि हाई कोर्ट के बाहर भी जुट गए। बॉम्बे हाई कोर्ट मराठा आंदोलन पर सख्त टिप्पणी की है।

हाई कोर्ट ने मनोज जरांगे के समर्थकों से कहा कि हालात सुधारे और रास्ता खाली करें।




# हाई वॉल्टेज एक्शन के बाद निगम का कार्यकारिणी चुनाव निरस्त!

## बिना मेयर की घोषणा के माला पहनने व जश्न को लेकर हुई नाराजगी







### महापौर ने सदन अध्यक्ष के पद का अपमान और अनुशासनहीनता दिया करार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को कवि नगर रामलीला मैदान के ऑडिटोरियम में गाजियाबाद नगर निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्यों के चुनाव को लेकर बैठक बुलाई गई थी। बैठक में बड़ी संख्या में पार्षद, अधिकारी, महापौर-नगर आयुक्त पहुंचे थे। नामांकन पत्र लेने की प्रक्रिया शुरू ही हुई और भरने का कार्यक्रम जारी हुआ, जिसके कुछ देर बाद टी ब्रेक हुआ और टी-ब्रेक के बाद कार्यकारिणी चुनाव में अचानक से बादल छा गए।

जहां महापौर सुनीता दयाल द्वारा भाजपा की ओर से घोषित पांच उम्मीदवारों को माला पहनकर मंच तक लाने और जीत का जश्न बिना उनकी अनुमति के मानने को लेकर वह नाराज हो गई। उन्होंने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए पूरी चुनावी प्रक्रिया को खारिज करने का फैसला सुना दिया। जिसके बाद पार्षदों ने काफी हो हल्ला मचाया लेकिन बात नहीं बन पाई और 6 सदस्यों के चुनाव का मामला फिर लटका हुआ बताया जा रहा है। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल ने संगठन और भाजपा के कुछ विशेष चेहरों को भी टारगेट पर लिया। उनके निशाने पर संगठन के पदाधिकारी भी आए। महापौर के इस निर्णय के बाद अब नगर निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्यों का चुनाव कब होगा इसको लेकर अनिश्चित जताई जा रही है।

## जीत के जश्न का माहौल कुछ देर में हंगामे और विरोध में बदला

### 11:30 के बाद शुरू हुआ था नामांकन कार्यक्रम

करंट क्राइम : सोमवार को कवि नगर रामलीला मैदान के जानकी भवन में 11 बजे से नगर निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। 11 :30 बजे के आसपास नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरू हुआ, जिसके लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 बजे तक नामांकन होना था। नामांकन के बाद उनकी जांच व नाम वापसी के साथ ही आवश्यकता होने पर चुनाव होना था। पर जैसे ही पार्षद राजीव शर्मा, शशि गौतम, रुखसाना, नरेश जाटव, हिमांशु शर्मा, पप्पू नागर, प्रवीण चौधरी, विनील दत्त, गौरव सोलंकी, मदन राय, देवनारायण, मनोज त्यागी मंच पर पहुंचे थे। इसमें से कुछ लोगों ने पर्चे लिए और वह आगे की प्रक्रिया शुरू करने जा रहे थे। इसी दौरान यहां भाजपा के कुछ पदाधिकारी और पार्टी अध्यक्ष पहुंचे, वह नगर निगम की कार्यकारिणी सदस्यों वाली बैठक में पहुंच गए, इसके बाद यहां का सीन बदलना शुरू हो गया।



### इधर शुरू हुआ निर्विरोध चुने जाने का जश्न, उधर गरमा गया पूरा मामला





करंट क्राइम : भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने पार्टी की ओर से पांच पार्षदों में गौरव सोलंकी, प्रवीण चौधरी, प्रमोश यादव ,विनील दत्त, देवनारायण शर्मा के नाम की घोषणा की थी, लेकिन इसके अलावा भाजपा की ओर से मदन राय जबकि विपक्ष से अजय शर्मा और शशि सिंह गौतम ने नामांकन दाखिल किया। इस तरह कुल आठ उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे, तो थोड़ी देर बाद समझौते के बाद भाजपा से तेवर दिखा रहे हैं मदन राय ने अपना नामांकन वापस लेते हुए बैठ गए और उसके बाद 7 प्रत्याशी शेष बचे। बताया जा रहा है कि इसी बीच परिसर में जलपान कार्यक्रम के दौरान अचानक भाजपा महानगर अध्यक्ष गोयल 5 पार्षदों को लेकर मंच के पास पहुंच गए, जहां माला पहनकर जश्न मनाने का सिलसिला शुरू हुआ। तो इसी बीच चाय नाश्ता करके ऊपर से महापौर और अन्य पदाधिकारी और नगर निगम के अधिकारी पहुंचे। जैसे ही महापौर सुनीता दयाल मंच पर पहुंची, तो उन्होंने सीधे तौर पर इस पूरी सीन को सदन की गरिमा ,अनुशासन का उल्लंघन बताया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष को भी महापौर ने सीधे तल्ख तेवर में टिप्पणी की। तो सदन में नोंकझोंक वाली स्थिति भी बन गई थी।

### जब महापौर ने कहा मर्यादा में रहें, जोश न दिखाएं



करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल जैसे ही ऊपर चाय नाश्ते के बाद नीचे कार्यकारिणी चुनाव वाले सदन में पहुंची, तो वहां का माहौल देखकर उन्होंने मंच पर आते ही कहा मयार्दा में रहें, जोश नहीं दिखाएं। मैं यहां से गई नहीं थी, मैं यहीं थी। यह ठीक नहीं हुआ है, संगठन की अपनी अलग वैल्यू है, सदन का अपना अलग स्थान है। महापौर सुनीता दयाल ने यह कहा तो इसके बाद परिसर में अफरा तफरी का माहौल मच गया। कुछ पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने महापौर के निर्णय का समर्थन किया। तो वहीं भाजपा के पार्षदों ने भी इस मामले को लेकर नाराजगी दिखाई। तो कुछ पार्षद महापौर द्वारा लिए गए निर्णय के विरोध में आ गए और उन्होंने कहा कि यह गलत हो रहा है। इस दौरान महापौर ने माइक थामते हुए मंच से ऐलान किया कि जो यह है चुनाव और निर्विरोध वाला कार्यक्रम है ,यह निरस्त किया जाता है।

### माला और नारेबाजी को लेकर शुरू हुआ था पूरा हाई वोल्टेज विवाद



करंट क्राइम : सोमवार को नगर निगम में 6 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होना था, भाजपा ने पांच पार्षद मैदान में उतरे और बाद में वह निर्विरोध की तरह चुन भी लिए गए लेकिन पार्षदों को संगठन की ओर से आए पदाधिकारियों और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ माला पहनना, सदन में सदन अध्यक्ष के बिना मौजूद होने पर घोषणा कर देना ,उनके पीछे नाम वापसी लेने वाला सीन होने से वह नाराज हो गई। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं होती है, तब तक किसी भी प्रकार का जश्न या विजयी घोषणा अनुशासनहीनता है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं और नगर निगम की कार्रवाई की गंभीरता के खिलाफ करार देते हुए पूरी चुनाव प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का ऐलान मंच से कर डाला था। बताया जा रहा है कि पूरा विवाद माला और जश्न से शुरू हुआ था।

### जब भाजपा के ही पार्षद आ गए आमने-सामने

#### राजीव शर्मा, मनोज त्यागी, अमित त्यागी और शीतल में हुई तकरार



करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयान ने जब सदन की मयार्दा और अनुशासनहीनता वाला सवाल उठाया तो भाजपा के पार्षदों में भी तकरार वाला सीन हो गया। पार्षद राजीव शर्मा ने कहा कि यह है निर्णय ठीक नहीं है। तो महापौर ने कहा कि तुम चुप हो जाओ ,तुम तो अपने समय में जाकर छुप गए थे। जिस पर पार्षद राजीव शर्मा ने नाराजगी जताते हुए आवाज बुलंद की। तो वहीं पार्षद मनोज त्यागी ने निर्विरोध चुनाव होने का विरोध किया। इस दौरान नगर निगम में कुछ पार्षदों द्वारा शेम-शेम कहा गया जिस पर पार्षद राजीव शर्मा ने कहा कि जो लोग संगठन के लिए यह शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, वह ध्यान रखें कि जो पार्षद चुनकर आए हैं, वह संगठन की वजह से ही यहां तक पहुंचे हैं। इस दौरान पार्षद अमित त्यागी और मनोज त्यागी के बीच भी नोकझोंक हो गई थी, तो वहीं शीतल चौधरी ने महापौर द्वारा लिए गए फैसले का खुलकर समर्थन किया। इस दौरान के हाल और माहौल पर पार्षद गौरव सोलंकी, हिमांशु शर्मा, राधेश्याम त्यागी सहित कई पार्षदों ने आवाज उठाई।

### कार्यकारिणी चुनाव के नजारे











### जब पार्षद शशि गौतम ने मांगा महिला पार्षदों का साथ



करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने नगर निगम कार्यकारिणी के सदस्यों वाले चुनाव की प्रक्रिया को अनुशासनहीनता करार देते हुए खारिज करने का फैसला सुनाया। तो उसके पास पार्षद शशि सिंह गौतम महापौर से मिलने पहुंची और उन्होंने कहा कि वह चुनाव लड़ना चाहती हैं ,पर महापौर ने कोई फैसला नहीं सुनाया। तो वह नीचे सदन में बैठी महिला पार्षदों के बीच पहुंची और उनसे कहा कि वह चुनाव कराने के लिए उनका साथ दें, पर तब तक पूरा माहौल हंगामें तब्दील हो चुका था।

### पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा था, मैडम आप ही दिखाइए बड़ा दिल



करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी वाली बैठक में सीन बदल गया और मामला हंगामे वाला हुआ तो भाजपा के वरिष्ठ पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा कि मैडम आप ही बड़ा दिल दिखाइ जो हुआ तो महापौर ने कहा अजी कोई बात भी है हर बात मैं ही बड़ा दिल दिखाऊं। यह अनुशासनहीनता है इसे नहीं सहा जाएगा।

### सदन सचिव को कई बार भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को रोकना पड़ा



करंट क्राइम : सोमवार को नगर निगम गाजियाबाद कार्यकारिणी के छह सदस्यों के चुनाव को लेकर कार्रवाई कवि नगर रामलीला मैदान की जानकी भवन में हो रही थी। इस दौरान यहां भारतीय जनता पार्टी के संगठन और दल से जुड़े हुए तमाम नेता सदन की कार्रवाई के बीच में पहुंच रहे थे। कुछ लोग पार्षदों से मिलने पहुंचे, तो संगठन वाले भी पीछे नहीं रहे। कुछ लोग बाकायदा मंच तक पहुंचे, तो कुछ कुर्सियों में पार्षदों से मिल रहे थे। इस दौरान सदन सचिव द्वारा मंच से कई बार भारतीय जनता पार्टी से जुड़े और ऐसे लोग जो पार्षद नहीं थे उनको बाहर करने का अनाउंसमेंट भी किया गया था।

### विरोधी दल के पार्षदों ने भी सदन के माहौल पर जमकर मचाया शोर



करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल द्वारा जब सदन की गरिमा और अनुशासन की उलझन वाला मामला उठाया, तो भाजपा को घेरने के लिए विपक्षी दलों के पार्षद भी आक्रामक मूड में देखे गए। इस दौरान कांग्रेस के पार्षद अजय शर्मा ,प्रवीण कुमार मुलायम, पार्षद आदिल मलिक, नरेश जाटव सहित अन्य पार्षद भी आक्रामक रूप में देखे गए।

### पैर में फैक्चर होने की बावजूद भी बैठक में पहुंची पार्षद पूनम सिंह



करंट क्राइम : सोमवार को कवि नगर रामलीला मैदान में नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के तमाम पार्षद पहुंचे थे। तो इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की महिला पार्षद पूनम सिंह के पैर में फैक्चर होने के बावजूद इस बैठक में मौजूद रहीं। हालांकि चुनाव और मतदान वाला सीन बीच में ही कैंसिल हो जाने की वजह से उन्हें लौटना पड़ा। इस दौरान महापौर ने उनसे मुलाकात भी की थी।

### आखिर किसका हुआ नुकसान !

करंट क्राइम : नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव निरस्त हुआ। उसके कुछ देर बाद कवि नगर रामलीला मैदान में कई पार्षद डेट नजर आए। सभी तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे थे। कोई संगठन के अति उत्साह को टारगेट पर ले रहा था, तो कोई कह रहा था गुस्से से ज्यादा संयम रखना मैटर करता है। चचार्एं यही हो रही थी कि चलो कार्यकारिणी चुनाव निरस्त हो गया, कोई बात नहीं लेकिन इससे असली नुकसान तो बीजेपी वालों का ही हुआ है। पांच पार्षद निर्विरोध जीत चुके थे, विपक्ष का एक ही पार्षद जीत सकता था। तभी एक चर्चा यह भी सुनाई दी कि कभी-कभी जीत से ज्यादा सिद्धांत, स्वाभिमान भी मैटर रखते हैं।

# घाटी में तबाही के बाद अमित शाह का दूसरा दौरा

## बाढ़ पीड़ितों से मिले गृहमंत्री, मंगुचक्क गांव का भी करेंगे निरीक्षण





**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर राहत कार्यों की समीक्षा की और हवाई सर्वेक्षण व उच्चस्तरीय बैठकों के जरिए हालात का जायजा लिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जम्मू के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। अधिकारियों ने बताया कि वह जिले के सबसे अधिक प्रभावित गांव मंगुचक्क भी जाएंगे। शाह के साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। उन्होंने बिक्रम चौक के पास तवी पुल पर रुककर नदी किनारे हुए नुकसान का जायजा लिया।

शाह रविवार रात जम्मू पहुंचे थे ताकि बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों की समीक्षा कर सकें। वे आज बाद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण भी कर सकते हैं।

इसके अलावा, शाह राजभवन में दो अलग-अलग बैठकों की अध्यक्षता करेंगे- एक बैठक बाढ़ राहत कार्यों पर और दूसरी बैठक बाढ़ से सीमा सुरक्षा में आई बाधाओं को लेकर होगी।

14 अगस्त से अब तक किश्तवाड़, कठुआ, रियासी और रामबन जिलों में बादल फटने, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण 130 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 33 लोग लापता हैं।

26 और 27 अगस्त को हुई रिकॉर्ड बारिश से जम्मू और अन्य मैदानी इलाकों में भारी बाढ़ आई, जिससे बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा। मृतकों में 34 श्रद्धालु भी शामिल हैं, जो 26 अगस्त को माता वैष्णो देवी यात्रा के दौरान भूस्खलन की चपेट में आ गए थे।

यह पिछले तीन महीनों में जम्मू का शाह का दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 29 मई को यहां आए थे, जब भारतीय सेना ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले (जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी) के जवाब में सीमा पार आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए थे।

24 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी जम्मू का दौरा किया था। वे किश्तवाड़ जिले के चिसोटी गांव में बादल फटने के बाद स्थिति का जायजा लेने आए थे। हालांकि खराब मौसम और पडर उपखंड में भूस्खलन के कारण उनका गांव तक पहुंचना संभव नहीं हो सका।

14 अगस्त को चिशोती में बादल फटने के कारण 65 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा घायल और 32 लोग लापता हो गए थे। मृतकों में अधिकांश श्रद्धालु थे जो मचैल माता की यात्रा पर जा रहे थे।

# दिल्ली की सड़कों पर 36 साल बाद लौटेंगी डबल डेकर बसें, अब दिखेगा इलेक्ट्रिक स्वरूप



**नई दिल्ली।** 1989 में पुराने बेड़े की जर्जर हालत और सीएनजी युग की शुरूआत के चलते इन्हें बंद कर दिया गया था। अब दिल्ली सरकार इन्हें इलेक्ट्रिक स्वरूप में दोबारा चलाने की तैयारी में है। इसके लिए बसों का ट्रायल रन चुनिंदा रूट पर जल्द शुरू किया जाएगा। राजधानी दिल्ली की सड़कों पर 36 साल बाद डबल डेकर बसों की वापसी होगी। 1989 में पुराने बेड़े की जर्जर हालत और सीएनजी युग की शुरूआत के चलते इन्हें बंद कर दिया गया था। अब दिल्ली सरकार इन्हें इलेक्ट्रिक स्वरूप में दोबारा चलाने की तैयारी में है। इसके लिए बसों का ट्रायल रन चुनिंदा रूट पर जल्द शुरू किया जाएगा।

पायलट प्रोजेक्ट के लिए अशोक लेलैंड ने डीटीसी को सीएसआर फंड से एक इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस दी है, जिसे ओखला डिपो में खड़ा किया गया है। बस की ऊंचाई 4.75 मीटर और लंबाई 9.8 मीटर है। इसमें 63 से अधिक यात्री एक साथ सफर कर सकते हैं। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि दो और बसें जल्द मिलने की उम्मीद है।

पूर्व उपायुक्त (परिवहन विभाग) अनिल छिकारा का कहना है कि डबल डेकर बस की वापसी तकनीकी और इंफ्रास्ट्रक्चर की चुनौतियों से निपटने के बाद ही संभव होगी। यह पहल दिल्लीवासियों को सुनहरे दिनों से जोड़ेगी। ट्रायल के दौरान बैटरी की परफॉर्मेंस, रूट पर सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा का आकलन किया जाएगा। हालांकि चुनौतियां भी कम नहीं हैं। फ्लाईओवर की ऊंचाई, सड़कों पर लटकी पेड़ों की टहनियां और ओवरहेड बिजली की तारें इन बसों के संचालन में बाधा बन सकती हैं। इसके लिए डीटीसी अधिकारी रूट मैपिंग कर रहे हैं ताकि सुरक्षित मार्ग तय किया जा सके।

### 1949 में शुरू हुई थी डबल डेकर बस...

राजधानी में डबल डेकर बसों का संचालन 1949 में डीटीसी के अधीन शुरू हुआ था। पीले, हरे और लाल रंग की ये बसें दिल्ली की शान हुआ करती थीं। भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे कश्मीरी गेट, पुरानी दिल्ली, करोल बाग और कनॉट प्लेस तक पहुंचने के लिए लोग अक्सर इन्हीं बसों को चुनते थे। यात्रियों के लिए ऊपरी डेक से दिल्ली की गलियों और बाजारों का नजारा अविस्मरणीय अनुभव होता था। दिल्ली सरकार का दावा है कि इलेक्ट्रिक डबल डेकर बसों की वापसी पर्यावरण हितैषी और जनता के अनुकूल कदम है। इससे न सिर्फ यात्रा सुगम होगी बल्कि दिल्ली के आधुनिक, ऐतिहासिक रूप को एक साथ जोड़ने का अवसर मिलेगा।

# तृणमूल के विरोध-प्रर्दशन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई अनैतिक और अलोकतांत्रिक'

## सीएम ममता ने लगाए गंभीर आरोप



### सेना से तटस्थ रहने की अपील, सीएम ममता ने भाजपा को आड़े हाथ लिया

मुख्यमंत्री ने कहा, कोलकाता में टीएमसी के मंच को हटाने से पहले सेना को कोलकाता पुलिस से परामर्श करना चाहिए था। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा, मैं सेना को दोष नहीं देती, बस उनसे अपील करती हूं कि वे तटस्थ रहें और भाजपा के हाथों की कठपुतली बनने से बचें।

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में की गई सैन्य कार्रवाई पर नाराजगी प्रकट की है। उन्होंने सेना की कार्रवाई को अलोकतांत्रिक के साथ-साथ अनैतिक भी बताया। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल-तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) राज्य के प्रवासियों का 'उत्पीड़न' होने के विरोध में आवाज उठा रही है। कोलकाता में प्रदर्शन के लिए टीएमसी का मंच तैयार किया जा रहा था, जिसे सेना ने कथित तौर पर ध्वस्त कर दिया। सीएम ममता बनर्जी ने सेना के इस कदम को अनैतिक और अलोकतांत्रिक करार दिया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बंगाल प्रवासियों के 'उत्पीड़न' के विरोध में बनाए गए टीएमसी के मंच को सेना द्वारा ध्वस्त कराने के पीछे भाजपा का हाथ है। विपक्षी दल प्रतिशोध की राजनीति कर रहा है।

# चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा पांच सितंबर तक स्थगित

## लगातार बारिश के चलते लिया गया फैसला



**चमोली।** उत्तराखंड में मौसम विभाग की ओर रेर्ड अलर्ट जारी किया गया है। लगातार बारिश ने प्रदेश में तबाही मचाई हुई है। इसे देखते हुए अब चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा पांच सितंबर तक के लिए रोकी गई है। उत्तराखंड में लगातार जारी बारिश को देखते हुए, सरकार ने चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा पांच सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने बताया कि भारी बारिश से प्रदेश में कई जगह भूस्खलन- मलबा आने से मार्ग बाधित हो रहे हैं।

सरकार प्राथमिकता पर सड़कों को खोल रही है, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा ओर सुविधा को देखते हुए, फिलहाल चारधाम एवं हेमकुंड साहिब यात्रा को पांच सितम्बर तक स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि वे प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते हुए फिलहाल यात्रा मार्गों पर प्रस्थान न करें। और प्रशासन द्वारा जारी परामर्श का पालन करें।

मौसम सामान्य होने एवं मार्ग पूरी तरह सुरक्षित पाए जाने के उपरांत यात्राओं को पुनः प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा सड़क मार्गों की निगरानी, सफाई और यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि धैर्य एवं संयम बनाए रखें तथा यात्रा संबंधी जानकारी के लिए प्रशासनिक नियंत्रण कक्ष से संपर्क करते रहें।

# राहुल के 'हाइड्रोजन बम' का बीजेपी ने दिया करारा जवाब, कहा- 'उनकी बातें समझ से परे'



नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को बिहार में अपनी बड़ी रैली खत्म करते हुए बीजेपी और चुनाव आयोग पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से 'जो एटम बम' सबूत रखे गए थे, अब उससे भी बड़ा 'हाइड्रोजन बम' सामने आने वाला है। राहुल गांधी का इशारा विपक्ष के उन आरोपों की तरफ था, जिनमें कहा गया है कि बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर बिहार चुनाव में बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट से नाम काट रहे हैं। विपक्ष का दावा है कि चुनाव आयोग की स्पेशल रिवीजन प्रक्रिया के जरिए 65 लाख से ज्यादा वोटरों को हटाने की तैयारी हो रही है। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई चल रही है।

### 'चीन तक गूंज रहा है नारा'

पटना में वोटर अधिकार रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा, हम बीजेपी को संविधान की हत्या नहीं करने देंगे। इसलिए हमने ये यात्रा निकाली है और जनता ने हमें जबरदस्त समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने महागठबंधन का साथ देते हुए नारे लगाए- ₹वोट चोर-गद्दी छोड़₹। राहुल ने तंज कहा कि यह नारा अब चीन तक गूंज रहा है, जहां प्रधानमंत्री मोदी रउड समिट में हिस्सा लेने के लिए गए थे।

### बीजेपी का पलटवार

राहुल के आरोपों पर बीजेपी ने पलटवार करते हुए उनके बयान को गैर-जिम्मेदाराना बताया है। पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी की बातें समझने में समय लगता है। चुनाव में एटम बम और हाइड्रोजन बम का क्या मतलबा है।

# हाईकोर्ट की टिप्पणी- जरांगे के नेतृत्व वाला प्रर्दशन शांतिपूर्ण नहीं, सभी शर्तों को तोड़ा



**मुंबाई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मराठा आरक्षण को लेकर हो रहे आंदोलन पर सख्त टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि मनोज जरांगे के नेतृत्व वाला विरोध-प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है। कोर्ट की पीठ ने इस बात को भी रेखांकित किया कि प्रदर्शन में शामिल लोगों ने सभी शर्तों का उल्लंघन किया है। जानिए कोर्ट ने और क्या बातें कहीं

मराठा आरक्षण आंदोलन पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। अदालत की पीठ ने कहा कि मनोज जरांगे के नेतृत्व वाला विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है और इसमें सभी शर्तों का उल्लंघन किया गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई में चल रहे आंदोलन पर तत्काल सुनवाई करते हुए कहा कि हमने कुछ शर्तों के साथ विरोध प्रदर्शन की अनुमति दी थी, जिनका प्रदर्शनकारियों ने उल्लंघन किया है। प्रदर्शनकारियों ने शहर को ठप कर दिया है और उन्होंने अदालत को दिए गए अपने हलफनामे का पालन नहीं किया है।

### आंदोलनकारियों और सरकार को कोर्ट का निर्देश

बॉम्बे हाई कोर्ट मराठा आंदोलन पर सख्त टिप्पणी की है। हाई कोर्ट ने मनोज जरांगे के समर्थकों से कहा कि हालात सुधारे और रास्ता खाली करें। आंदोलन के कारण जाम की स्थिति पर हाईकोर्ट ने कहा कि कल तक मुंबई की सभी सड़कें खाली हों। इसके साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि सरकार तय करें कि सड़कें खाली हों। वहीं अदालत ने प्रदर्शनकारियों को साफ निर्देश दिया है कि सिर्फ पांच हजार प्रदर्शनकारी मैदान में हों और बाकी सभी दोपहर 12 बजे तक जाएं।

अगर मनोज जरांगे की मांग की बात करें तो अनशन पर बैठे मनोज जरांगे वे 10% आरक्षण की मांग कर रहे हैं और चाहते हैं कि मराठाओं को कुनबी जाति के रूप में मान्यता दी जाए, क्योंकि कुनबी ओबीसी श्रेणी में आते हैं, जिससे मराठा समुदाय को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि मराठवाड़ा क्षेत्र के मराठाओं को कुनबी घोषित कर आरक्षण देना चाहिए और हैदराबाद और सातारा के गजट नोटिफिकेशन को कानून बनाया जाए। हालांकि ओबीसी नेता इस मांग का विरोध कर रहे हैं।

### सीएम की आलोचना पर मंत्री का पलटवार

वहीं इससे पहले महाराष्ट्र सरकार में मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने मनोज जरांगे की तरफ से सीएम फडणवीस की आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि हमारे मुख्यमंत्री कभी अड़ियल नहीं रहे हैं। अगर जरूरत पड़ी तो वो सीधे तौर पर भी मामले में हस्तक्षेप करेंगे।

# मेरठ पुलिस लाइन में जर्जर क्वार्टर की छत गिरी

## आठ लोग दबे-तीन बच्चे भी घायल



**मेरठ।** मेरठ पुलिस लाइन के पी-ब्लॉक में रविवार शाम जर्जर सरकारी क्वार्टर की छत गिरने से परिवार के आठ सदस्य दब गए। दमकल विभाग ने रेस्क्यू कर सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। मेरठ पुलिस लाइन के पी-ब्लॉक में रविवार देर शाम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी टेलर (दर्जी) ओमकार के जर्जर सरकारी क्वार्टर की छत भरभरा कर गिर गई। मलबे में तीन बच्चों समेत परिवार के आठ सदस्य दब गए। दमकल विभाग ने रेस्क्यू कर ओमकार सिंह (55) उनकी पत्नी सुमन (50) बड़े बेटे विशाल (35), विशाल की पत्नी पिंकी (32), छोटे बेटे आकाश (30) और तीन बच्चे आशु, नित्या व लड्डू को मलबे से निकालकर जसवंत राय अस्पताल भर्ती कराया। दिव्यांग ओमकार को गंभीर अवस्था में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सुमन और आकाश का भी इलाज चल रहा है। अन्य परिजनों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

एडीजी भानु भास्कर, डीआईजी कलानिधि नैथानी, एसएसपी डॉ विपिन ताडा समेत तमाम अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को दूसरा क्वार्टर दिलवाया जाएगा। वहीं, पीड़ित परिवार को आरोप है कि कई बार आरआई को जर्जर मकान के बारे में बताकर दूसरा क्वार्टर देने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई।

वे पुलिसकर्मियों के कपड़े सिलाई करते हैं। उन्हें पुलिस लाइन के पी- ब्लॉक में क्वार्टर आवंटित है। वह करीब डेढ़ दशक से परिवार साथ इस क्वार्टर में रह रहे हैं। भवन पुराना होने के कारण जर्जर अवस्था में है। रविवार शाम को ओमकार अपने परिवार के साथ क्वार्टर में थे। परिजन खाना बनाने की तैयारी में लगे थे। तभी अचानक क्वार्टर की छत भरभराकर गिर गई। परिवार के सभी आठ सदस्य मलबे में दब गए। परिजनों की चीख-पुकार और मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास में रहने वाले कर्मचारियों के परिवार घरों से बाहर निकलकर आए। सिविल लाइन और फायर ब्रिगेड की छह गड़ियां मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू कर मलबे में दबे सभी परिजनों को बाहर निकालकर पास ही स्थित जसवंत राय अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया। एसएसपी ने मौके पर पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

# शिमला में भूस्खलन से बाप-बेटी और कोटखाई में बुजुर्ग की मौत, छह जिलों में रेड अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल में भारी बारिश जारी है। छह जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। नौ जिलों में शिक्षण संस्थान बंद हैं। चार नेशनल हाईवे समेत 662 सड़कें बंद हैं। शिमला के जुन्गा में भूस्खलन से बाप-बेटी की मौत हो गई, जबकि कोटखाई में बुजुर्ग महिला ने मलबे में दबने से दम तोड़ दिया। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में पिछले 24 घंटों से लगातार हो रही बारिश की वजह से जुन्गा तहसील में पटवार सर्कल डबलू के उप मोहाल जोत में एक घर भूस्खलन की चपेट में आ गया। हादसे में पिता और पुत्री की मौत हो गई है।

मृतक की पहचान वीरेंद्र कुमार (35), पुत्र जय सिंह निवासी पटवार सर्कल डबलू के उप मोहाल जोत के रूप में हुई है। हादसे में उसकी 10 वर्षीय बेटी की भी मौत हो गई है। इसके साथ ही मवेशियों की भी मौत हो गई। घटना में मृतक की पत्नी बाल-बाल बच गई, क्योंकि वह उस समय घर के बाहर थीं। मामले की सूचना मिलते ही अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश और अवरुद्ध सड़कों के कारण बचाव अभियान जारी है।

उधर, शिमला के कोटखाई में भी भूस्खलन हुआ है। कोटखाई के चोल गांव में एक मकान भूस्खलन के कारण ढह गया। मलबे में दबने से बुजुर्ग महिला कलावती पत्नी बालम सिंह की मौत हो गई।

### हिमाचल में भारी बारिश, 6 जिलों में रेड अलर्ट, नौ जिलों में शिक्षण संस्थान बंद



हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में रेड अलर्ट के बीच रविवार को दिनभर हुई जोरदार बारिश और भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है। कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और कई जगह वाहन मलबे में दब गए हैं। प्रदेश में चार नेशनल हाईवे समेत 662 सड़कें बंद हैं। 985 बिजली के ट्रांसफार्मर और 495 पेयजल योजनाएं ठप पड़ी हैं। प्रदेश के तीनों हवाईअड्डों कांगड़ा, शिमला और कुल्लू में कोई उड़ान नहीं हुई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश के छह जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में सोमवार को भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

खराब मौसम को देखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए शिमला, सोलन, सिरमौर, बिलासपुर, कुल्लू, चंबा, कांगड़ा, ऊना और हमीरपुर जिलों में संबंधित प्रशासन ने शैक्षणिक संस्थान बंद रखने के आदेश जारी कर दिए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने मंगलवार को भी चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में रेड अलर्ट जारी किया है। रविवार को कुल्लू-मनाली, रामपुर-किन्नौर, सैंज-औट-लूहरी और पांवटा-शिलाई एनएच भूस्खलन से बंद रहे। शिमला में रविवार को भारी बारिश से जगह-जगह भूस्खलन हुआ है। हाईकोर्ट के पास चलती कार पर बिजली का खंभा गिर गया। गनीमत रही कि कार सवार को कोई चोट नहीं लगी। शिमला के सुन्नी में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस पर पहाड़ी से मलबा आ गिरा। शिमला के विकासनगर में भूस्खलन में दो गाड़ियां दब गईं। चंबा के कंगेला गांव में पहाड़ी दरकने से दर्जनों मकान खतरे में हैं। कुल्लू में ब्यास नदी के साथ सरवरी खड्ड, तीर्थन नदी, पिन पार्वती, पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ गया है। कांगड़ा जिले में पौंग बांध से रविवार को 1.10 लाख क्यूसिक पानी छोड़ा गया। अगस्त में कुल्लू में 162 फीसदी अधिक बादल बरसे, इस सप्ताह चंबा में 589 फीसदी अधिक बारिश हिमाचल में अगस्त में सामान्य से 72 फीसदी अधिक बादल बरसे। 1 से 31 अगस्त तक 256 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया है। इस बार 440 मिमी बारिश दर्ज हुई।

जिला कुल्लू, चंबा, शिमला, सोलन और ऊना में 100 फीसदी से भी अधिक बादल बरसे। जिला कुल्लू में सामान्य से 162, शिमला में 126, ऊना में 121, सोलन में 118, चंबा में 104, बिलासपुर में 89, मंडी में 72, हमीरपुर में 55, सिरमौर में 38, कांगड़ा में 29, लाहौल-स्पीति में 26 और किन्नौर में 8 फीसदी अधिक बारिश हुई।

24 से 31 अगस्त तक साप्ताहिक वर्षा की बात करें तो जिला चंबा में सबसे ज्यादा 589, कुल्लू में 458, बिलासपुर में 255, लाहौल-स्पीति में 369, शिमला में 349, मंडी में 235, ऊना में 261, सोलन में 232, किन्नौर में 206, हमीरपुर में 193, कांगड़ा में 155 और सिरमौर में 140 फीसदी बारिश हुई है।

### प्रदेश में 260 सड़कें बंद, तमक नाले का पुल बहने से सीमावर्ती क्षेत्रों से कटा संपर्क



चमोली। प्रदेश में हो रही बारिश के कारण सड़कों पर जगह-जगह मलबा आने से 260 सड़कें बंद हो गई हैं। गढ़वाल मंडल के चमोली जिले में ज्योतिर्मठ-मलारी मार्ग के तमक नाला में पुल बह गया है। जिससे मुख्यालय का सीमावर्ती क्षेत्रों से संपर्क कट गया। वहीं, कुमाऊं मंडल के नैनीताल जिले में शेर नाला और सूर्या नाला में पानी के अधिक प्रवाह से हल्द्वानी-चोरगलिया-सितारगंज राज्य मार्ग बाधित है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सड़क बंद होने की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जाए।

### सैकड़ों कनाल उपजाऊ जमीन बर्बाद



कुल्लू के नग्गर नाला में बाढ़ में दो व्यक्ति फंसे रहे। उन्हें रेस्क्यू किया गया। ऊना में कुड, हरोट, घढ़थोली और क्यारियां गांव में कई घर खतरे में आ गए। इससे सैकड़ों कनाल उपजाऊ जमीन बर्बाद हो गई। कांगड़ा में भारी बारिश के बीच 14 और हमीरपुर में तीन मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

### भरमौर-पठानकोट हाईवे जगह-जगह बाधित

सिरमौर में भारी बारिश से गिरि नदी का जलस्तर बढ़ने से जटौन बैराज के 9 और 10 नंबर गेट से 9 इंच पानी छोड़ा गया। भारी बारिश से कंडेला अंबीवाला में घराट बह गया। सड़कें बंद होने से पांगी के बच्चों और महिलाओं समेत 32 लोग अभी लाहौल के त्रिलोकीनाथ मंदिर की सराय में फंसे हुए हैं। भरमौर-पठानकोट हाईवे जगह-जगह बाधित है।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# कौन सही है और कौन था गलत, मगर हो तो गया
# नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव निरस्त

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** निगम कार्यकारिणी का चुनाव देरी से ही सही मगर घोषित हो गया। चुनाव से पहले भाजपा की परंपरा के अनुसार कोर कमेटी की बैठक हुई। कोर कमेटी की बैठक में नाम फाइनल हुए और फिर चुनाव आगे बढ़ा।

सोमवार को सभी निगम कार्यकारिणी उम्मीदवार, निगम पार्षद समय से चुनाव स्थल कविनगर रामलीला मैदान पहुंचे और नामांकन का समय शुरू हुआ। इधर, सबने नामांकन की तैयारी की और उधर, चुनाव स्थल पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने एंट्री ली। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल मेयर सुनीता दयाल से मिले और फिर वापस अपने कमरे में बैठे। चुनाव में एक संयोग ये दिखाई दिया जब वर्तमान महानगर अध्यक्ष के साथ चार पूर्व महानगर अध्यक्ष भी बैठे थे। इनमें विजय मोहन, मानसिंह गोस्वामी, अजय शर्मा और सरदार एसपी सिंह थे। चर्चा चल रही थी और तभी एक संदेश ऊपर के कक्ष में नीचे के सभागार से आया और वो संदेश ये था कि दो उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिया है, तभी राजीव शर्मा की भी एंट्री हुई। इसी बीच ये पता चला कि पार्षद मदन राय ने पर्चा भरा है और मदन राय को महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एक तरफ ले जाकर कुछ समझाते हैं और इसके बाद मयंक गोयल नीचे कक्ष में जाते हैं। तभी कोई ये जानकारी देता है कि चुनाव निर्विरोध हो गया है और यहां बैठे चारों पूर्व अध्यक्ष बधाई देते हैं। मयंक गोयल कमरे से बाहर आते हैं और पूछते हैं कि माला कहां है। इस सूचना के साथ कक्ष के बाहर मयंक गोयल की जिंदाबाद के नारे गूंजने लगते हैं और तभी चारों कार्यकारिणी उम्मीदवार जिनकी जीत की सूचना मिली थी वो भी आ जाते हैं और एक-दूसरे को माला डालने लगते हैं। यहां पर सबसे खास बात ये थी कि संगठन अध्यक्ष होने के नाते मयंक गोयल कार्यकताओं के साथ पूरे उत्साह के माहौल में थे और ये एक वजह रही कि उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों को चुनाव स्थल पर बुलाया था और वरिष्ठ नेताओं को भी बुलाया था। कार्यक्रम चल रहा होता है कि तभी वहां गौरव सोलंकी, देवनारायण शर्मा और प्रमोश यादव आते हैं। सभी एक-दूसरे के गले में माला डालते हैं और सभी विक्ट्री का साइन बनाते हैं। यहां पर निगम पार्षद राजीव शर्मा भी दिखाई देते हैं, कालीचरण पहलवान भी दिखाई देते हैं और फिर माला वाले कार्यक्रम के बाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल कहते हैं कि हम सभी को अब मेयर सुनीता दयाल के पास चलना चाहिए। इससे पहले महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सभी को रोक रहे थे और वो कह रहे थे कि हमें मेयर का इंतजार करना चाहिए, लेकिन उत्साह में कार्यकताओं और पार्षद समर्थकों ने माला का कार्यक्रम शुरू कर दिया। जीते हुए पार्षदों ने माला पहल ली औरउसके बाद जब ये सभी लोग नीचे चुनाव कक्ष में पहुंचे तो वहां पता चला कि मेयर नहीं है। इसी बीच महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल आते हैं और फोटो सेशन शुरू हो जाता है। यहां कक्ष में विनील दत्त और प्रवीण चौधरी भी आ जाते हैं। सभी छह सदस्य आते हैं और सबकुछ सामान्य चल रहा था। अचानक स्टोरी में ट्विस्ट आता है और मेयर हॉल में प्रवेश करती है और नाराजगी प्रकट करती हुई वो माइक उठा लेती हैं और फिर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि किसने आप लोगों को कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया है। किसके कहने पर आपने ये माला पहन ली। वो कहती हैं कि क्या तुम चुनाव जीत गए हो जो माला पहन ली है। इसके बाद मेयर ने कार्यकारिणी के इलेक्शन पर ही ऑब्जेक्शन लगा दिया और मौके पर ही वाद-विवाद शुरू हो गया। यहां मेयर के समर्थन में पार्षद शीतल चौधरी और मनोज त्यागी आते हैं तो संगठन के समर्थन में पार्षद राजीव शर्मा और पार्षद प्रवीण चौधरी आ जाते हैं। एक पक्ष का कहना था कि संगठन सर्वोपरि है और दूसरे पक्ष का कहना था कि मेयर सदन की मुखिया हैं और वो अनुशासन की बात कर रही हैं।






## क्यों बोले विजय मोहन, जरूरी नहीं हर बात बताई जाए क्षेत्र और प्रदेश वालों को



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। निगम कार्यकारिणी चुनाव का मौका था और मौजूदा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ चार पूर्व महानगर अध्यक्ष बैठे थे। तभी चर्चा चली और पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन ने कहा कि ये जरूरी नहीं है कि हर बात की क्षेत्रीय अध्यक्ष या प्रदेश अध्यक्ष को सूचना दी जाए। कोर की बैठक को लेकर चर्चा चली तो यहां वर्तमान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि निष्पक्ष तरीके से कोर हुई और जिन नामों पर संगठन और जनप्रतिनिधियों की सहमति बनी, उन नामों को हमने प्रदेश अध्यक्ष और क्षेत्र अध्यक्ष को भेजा और उनकी मुहर लगने के बाद ही हमने घोषणा की। तभी पूर्व महानगर अध्यक्ष पूर्व निगम पार्षद विजय मोहन ने कहा कि आप यहां हो और अगर महानगर से जुड़ा कोई मामला है तो इसमें प्रदेश अध्यक्ष और क्षेत्रीय अध्यक्ष से पूछने की जरूरत नहीं है। इस बात पर पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने भी सहमति जताई और यहां पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन ने पुराना किस्सा शेयर किया और कहा कि उस समय मैं अध्यक्ष था और ऐसी ही एक बैठक हो रही थी तभी क्षेत्रीय अध्यक्ष आ गए थे। हमने उनसे ये स्पष्ट कर दिया था कि विषय यह है और इसमें आप अपेक्षित नहीं हैं। विजय मोहन की बात सुनकर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि मैं आपसे इस विषय पर बाद में बात कर लूंगा, लेकिन उन्होंने कहा कि जो कोर कमेटी की बैठक हुई उसमें मेयर सुनीता दयाल मेयर होने के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में भी मौजूद थीं। तकनीकी रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष कोर कमेटी में होते हैं और उनकी राय भी अहम होती है। इस पर विजय मोहन ने भी सहमति जताई और कहा कि तकनीकी रूप से ये बात सही है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि पहले की भाजपा और अब की भाजपा की बात अलग थी और इस बात पर सरदार एसपी सिंह के चेहरे पर मुस्कराहट आ गई और मानसिंह गोस्वामी ने भी अपनी मुस्कान के साथ मिश्रित प्रतिक्रिया दी।

## जो हुआ नहीं होना चाहिए था: अतुल गर्ग



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, निर्विरोध हुआ, कोर कमेटी में नाम तय हुए और फिर माला को लेकर इतना विवाद बढ़ा कि नौबत तू-तू-मैं-मैं पर आ गई। चुनाव निरस्त हो गया। इस पूरे मामले पर दैनिक करंट क्राइम ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की। उन्होंने कहा कि जो कुछ हुआ वो नहीं होना चाहिए था। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि गलती किसी की भी हो, लेकिन हम चाहेंगे कि आइंदा कभी ऐसा ना हो।

## कार्यकारिणी कक्ष में मैं नहीं गया चुनाव के दौरान : मयंक गोयल



करंट क्राइम। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि मैं अपने सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्षदों का उत्साहवर्धन करने के लिए वहां मौजूद था। कार्यकारिणी कक्ष में मैं चुनाव के दौरान नहीं गया। उन्होंने कहा नाम वापिसी के समय हमारे उत्साहित सदस्य आए और तभी माला भी आ गई। मैंने कहा था कि मेयर का इंतजार करना चाहिए। मैं इस दौरान नीचे सदन कक्ष में गया था, मेयर वहां मौजूद नहीं थीं और मैं फिर बाहर आ गया।

## मेयर का निर्णय होगा हमें स्वीकार: गौरव सोलंकी



करंट क्राइम। नगर निगम में वोटों की बात करें तो यह भाजपा का गढ़ है और सूत्र बताते हैं कि इस पूरी कहानी में एक नाम सारे फसाद की जड़ है। ये नाम भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी का है। गौरव सोलंकी वो नाम है जिसे मेयर नहीं चाहती थीं और उन्होंने एक पत्र लिखा था और उसमें अनुशासन वाली कार्यवाही के लिये दूसरा नाम गौरव सोलंकी का था। सूत्र बताते हैं कि गौरव सोलंकी के नाम को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने आगे बढ़ाया और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने इस नाम पर सहमति जताई और फिर ये नाम घोषित हो गया। चुनाव निरस्त हो गया और दैनिक करंट क्राइम ने पार्षद गौरव सोलंकी से बात की और इन सभी बातों को ल्केर जब उनसे पूछा तो पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा कि मेयर सुनीता दयाल हमारी नेता हैं, वो नगर निगम सदन की मुखिया हैं, वो जो भी फैसला लेंगी हमें मान्य होगा। उन्होंने कहा कि जो निर्णय उन्होंने लिया है वो कुछ सोच समझकर लिया होगा और मैं सदन की मुखिया होने के नाते मेयर सुनीता दयाल के निर्णय को स्वीकार करता हूं।




## पार्षद शशि सिंह ने लगाया नामांकन वापसी की खबरों को गलत



करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद की वार्ड-18 से पार्षद शशि सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके नामांकन वापसी को लेकर अखबारों में भ्रामक खबर छापी गई है। शशि सिंह ने कहा कि 1 सितंबर 2025 को जब वह निगम कार्यालय में थीं, तो बिना किसी दबाव या बाध्यता के उन्होंने स्वयं अपना नाम वापस लिया था। लेकिन स्थानीय अखबार में यह प्रकाशित किया गया कि उन्होंने पर्चा वापस नहीं लिया, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने इस भ्रामक खबर पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सच्चाई यह है कि उन्होंने स्वयं स्वेच्छा से नामांकन वापसी की थी।





## जो कुछ हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण : सुनील यादव



करंट क्राइम। सबसे लंबे समय तक निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद पर रहने का रिकॉर्ड बनाने वाले पूर्व निगम पार्षद सुनील यादव ने इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कहा कि जो कुछ हुआ वो दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने कहा कि यह नगर निगम बोर्ड और पार्टी के लिये भी ठीक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि चुनावों का अपना एक प्रोसेज है। जिस तरह से चुनाव आयोग में चुनाव आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी होते हैं, उसी तरीके से नगर निगम में भी सदन सचिव के पास चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। एजेंडा गया तभी सब आए, नामांकन हुआ और कौन चुनाव जीता ये निर्णय चुनाव अधिकारी के रूप में सदन सचिव को देना था। उन्हें ही बताना है कि चुनाव वैध है या अवैध है और इसके बाद वो ये जानकारी मेयर को देंगे और तब मेयर सदन की मुखिया होने के नाते सदन को अवगत कराएंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम की घोषणा का अधिकार मेयर को होता है। सुनील यादव ने इस पूरे मामले को लेकर निगम अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाया।

## अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल का था ये पहला चुनाव



करंट क्राइम। महानगर अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल के लिये ये पहला चुनाव था। हालांकि ये नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव था, लेकिन यहां उम्मीदवार तय करने से लेकर जीते हुए प्रत्याशियों के स्वागत का काम महानगर संगठन के पास था। अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल ने कोर कमेटी की बैठक भी बुलाई और उससे भी बहुत पहले वो मयेर सुनीता दयाल के साथ नामों पर विचार-विमर्श करने के लिये महानगर कार्यालय पर भी बैठे थे। अपने पहले चुनाव में उन्होंने कार्यकताओं को संगठन की अहमियत, कार्यशैली की पारदर्शिता और संगठन के उत्साह का संदेश दिया। लेकिन पहले चुनाव में थोड़े बहुत विवाद की बात को नजर अंदाज करें तो अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल ने एक संदेश दिया है और अगर अध्यक्ष के चुनाव में जाने , जीते हुए प्रत्याशियों को माला पहनाने की बात की जाए तो ये कोई पहली बार नहीं हुआ है। पहले भी निगम कार्यकारिणी के चुनाव हुए हैं और पहले भी संगठन के अध्यक्ष चुनाव में जाते रहे हैं। इसकी वजह भी उम्मीदवारों में उत्साह भरना और कार्यकताओं के बीच एक संदेश देना होती है। मयंक गोयल ने भी इसी परंपरा का पालन किया।

## भाजपा पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप

# सपा अध्यक्ष ने कहा, लोकतंत्र का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सपा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कहा कि कविनगर स्थित जानकी भवन में हुई चुनाव प्रक्रिया के दौरान भाजपा ने लोकतंत्र नहीं बल्कि सत्ता की भूख को साबित किया है।

वीरेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा महानगर अध्यक्ष और महापौर सुनीता दयाल के बीच हुई वोटिंग में जल्दबाजी कर प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। मौके पर भाजपा के ही दो गुट देखने को मिले थे, बावजूद इसके उन्हें निरस्त कर दिया गया। सपा नेता ने कहा कि इससे साफ हो गया है कि भाजपा के नेताओं के लिए निष्पक्ष चुनाव का कोई महत्व नहीं है। वे केवल अपने नाम का उपयोग करके सत्ता हासिल करना चाहते हैं। सपा महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के भीतर सत्ता की लालसा और अंतर्कलह इतनी बढ़ चुकी है कि



**भाजपा के नेताओं के लिए निष्पक्ष चुनाव का कोई महत्व नहीं है : वीरेंद्र यादव**

चुनाव परिणाम पहले से तय करने की साजिश रची जाती है।

गाजियाबाद की जनता भाजपा के इस रवैये को देख रही है और अब जनता समझ चुकी है कि भाजपा केवल कुर्सी की राजनीति करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि लोकतंत्र का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कब होगा चुनाव? छाए संशय के बादल

करंट क्राइम। एक तो निगम कार्यकारिणी चुनाव पहले ही लेट चल रहा था और सोमवार को पूरा मामला ही अपसेट हो गया। इससे पहले कि निगम कार्यकारिणी चुनाव पर जाएं तो वहां पार्षद राजीव शर्मा ने पांचवे उम्मीदवार के रूप में पर्चा भरा था और उसके बाद शाम तक इंतजार और फिर मेयर ने चुनाव निरस्त की घोषणा की थी। अब लगभग एक साल के बाद फिर कार्यकारिणी चुनाव की बेला आई और यहां भाजपा के पाले में निर्विरोध जीत आने के बाद नाराजगी का खेला हो गया। फिर सीन विवाद वाला हो गया। नाराजगी दोनों तरफ से है और संगठन और मेयर के बीच नाराजगी वाले प्रकरण के बाद अब निगम कार्यकारिणी चुनाव में संशय के बादल छा गए हैं। अगला चुनाव कब होगा इस पर पूरी तरह डाउट बन गया है।

## क्या पार्टी आलाकमान लेगा संज्ञान

करंट क्राइम। संगठन किसी भी दल में सर्वोपरि होता है। संगठन ही टिकट देता है और संगठन ही चुनाव लड़ने के लिये ड्यूटी लगाता है। नगर निगम में कार्यकारिणी चुनाव और केंद्र से लेकर प्रदेश तक भाजपा की सरकार। निगम में मेयर भाजपा की, 75 पार्षद भाजपा के और उसके बाद भी तकरार हो गई। मेयर का कहना ये कि वो निगम की मुखिया हैं और जब विवाद हुआ तो ये भी सीन रोचक रहा कि इधर भी भाजपा, उधर भी भाजपा थी। संगठन में भाजपा, सदन में भाजपा और उसके बाद भी ऐसा क्या हुआ कि बहुमत भाजपा के पास और जीता हुआ चुनाव निरस्त हो गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि मैंने अध्यक्ष होने के नाते मंडल अध्यक्ष और अन्य नेता इसलिये बुलाए थे ताकि कार्यकताओं में उत्साह रहे और चुनाव तो वैसे भी पार्टी का महोत्सव होता है और महोत्सव में कार्यकताओं का उत्साह बढ़ता है। वहीं ये सवाल अब भाजपा के भीतर तैर रहा है कि मेयर जनप्रतिनिधि हैं, नगर निगम सदन की मुखिया हैं और उम्मीदवार कोर कमेटी में संगठन ने तय किये। यहां संगठन और निगम का तालमेल होना चाहिए था। मेयर प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। वहीं इस पूरे प्रकरण के बाद महानगर संगठन को भी बताना है कि किस वजह से शुरूआत हुई। बहरहाल ये बताया जाता है कि निगम का चुनाव जहां पर निरस्त हुआ है एक्ट के अनुसार वहीं से शुरू होगा। बड़ी बात ये है कि क्या इस विवाद के बाद पार्टी आलाकमान इस पूरे मामले पर संज्ञान लेगा। क्योंकि ये एक ऐसा विवाद हो गया जो पब्लिक के सामने हो गया। जो चुनाव भाजपा आराम से जीत रही थी वो चुनाव भाजपा के ही विवाद के बाद निरस्त हो गया। ऐसे में मेयर को भी अपने बात संगठन के सामने रखनी होगी, भले ही वो प्रदेश उपाध्यक्ष हैं, लेकिन यहां जब बात जांच की आएगी तो सभी को बताना है।

## जनप्रतिनिधियों का बहुमत तो नहीं बना मेयर की नाराजगी की वजह

करंट क्राइम। सोमवार के पूरे घटनाक्रम पर गौर करें तो मेयर ने इस बात को कई बार दोहराया कि वो नगर निगम सदन की अध्यक्ष हैं और अब ये सवाल खड़ा हुआ है कि आखिर मेयर की नाराजगी की वजह क्या थी। आमतौर पर ये होता ही है कि जब कोई पार्टी जीत की तरफ बढ़ रही हो तो उत्साहित समर्थक गले में माला डाल देते हैं, ढोल बजने लगते हैं। ऐसे में ये चर्चा हो रही है कि केवल माला पहनना तो वजह नहीं हो सकता। भाजपा के भीतर से ये आवाज है कि दरअसल नाराजगी की वजह रविवार वाली कोर कमेटी की बैठक है जिसमें मेयर सुनीता दयाल के फैसले एक-एक करके कट गए। चर्चा यही है कि गले में माला होना अलग बात है और घोषणा होना अलग बात है, लेकिन पूरी भाजपा का एक मुद्दे पर अलग-अलग हो जाना सबसे अलग बात है। चर्चा यही है कि कहीं ना कहीं कोर कमेटी में जनप्रतिनिधि एक हो गए, महानगर अध्यक्ष उनके फैसलों में साथ हो गए। यहां पहला झटका तब लगा जब मेयर ने जिन तीन पार्षदों के नाम और एक पूर्व पार्षद का नाम दिया था उस पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कह दिया कि बैठक के मिनट्स मांगना कोई अनुशासनहीनता नहीं है। उसके बाद मेयर ने जिस पार्षद पर एक्शन लेने की बात कही थी उसी पार्षद को कोर कमेटी ने इलेक्शन लड़ने के लिये अनुमति दे दी। मेयर ने जिन-जिन नामों की शिकायत की थी, उन्हीं नामों को तवज्जो दी गई। बताते है कि मेयर ने कोर कमेटी में अपना कोई नाम नहीं रखा और जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने नाम रख दिये। सांसद अतुल गर्ग ने पार्षद विनील दत्त का नाम रखा, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने गौरव सोलंकी का नाम रखा, विधायक संजीव शर्मा ने पार्षद देवनारायण शर्मा का नाम रखा और विधायक अजीतपाल त्यागी ने पार्षद प्रमोश यादव का नाम रखा। यहां प्रवीण चौधरी के नाम की भी चर्चा है। सूत्र बताते हैं कि नाराजगी की बुनियाद तो यहीं से तैयार हो गई थी और जिस नगर निगम के सदन की मुखिया मेयर हैं उस सदन की कार्यकारिणी में मेयर द्वारा दिया गया कोई नाम नहीं था। बल्कि जिस नाम को लेकर वो एक्शन चाहती थीं उसी नाम को इलेक्शन लड़ने की हरी झंडी मिली। वजह और भी सकती हैं और इनमें एक अहम वजह ये भी मानी जा रही है कि मेयर बनाम सांसद-विधायक और अध्यक्ष वाला सीन हो गया। जिसके बाद माला पहनने पर ही सीन संगीन हो गया। चर्चा यही है कि जब सदन मेयर को चलाना है वरियता उनके सुझाए नामों को मिलनी चाहिए।

## संपादकीय

# राइट ट्रैक पर रिश्ते

शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन शिखर बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को हुई द्विपक्षीय बातचीत पर अगर दुनिया भर की नजरें टिकी थीं तो यह बेवजह नहीं था। इस सौहार्दपूर्ण बातचीत ने न केवल दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ते सामंजस्य की प्रक्रिया को मजबूती दी है बल्कि कई तरह की अनिश्चितताओं के बीच ग्लोबल इकॉनमी के लिए भी नई संभावनाएं पैदा की हैं।

अहम मुलाकात 2020 में हुई गलवान घाटी की झड़प के बाद यह पीएम मोदी का पहला चीन दौरा है। जाहिर है, दोनों देशों के रिश्तों के मद्देनजर यह सवाल महत्वपूर्ण था कि इस बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं के बीच बनी सहमति कितनी दूर तक जाती है। लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ घोषणाओं से जो असामान्य हालात पैदा हुए हैं, उसने दोनों नेताओं की बातचीत की अहमियत को और बढ़ा दिया।

सामरिक स्वायत्तता ऐसे माहौल में हुई मोदी और शी की इस बातचीत ने कई स्तरों पर पॉजिटिव संकेत दिए हैं। खासकर पीएम मोदी का यह कहना अर्थपूर्ण है कि भारत और चीन दोनों ही देश सामरिक स्वायत्तता रखते हैं और इनके आपसी रिश्तों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। ध्यान रहे, ट्रंप ने भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, उसके लिए एक तीसरे देश रूस के साथ भारत के रिश्तों को ही आधार बनाया गया है। इस बयान के जरिए पीएम मोदी ने यह परोक्ष संकेत दिया है कि सामरिक स्वायत्तता का सम्मान करते हुए ही द्विपक्षीय रिश्ते फल-फूल सकते हैं। क्रमिक सुधार इन सबके बावजूद यह मानना गलत होगा कि अमेरिका से टैरिफ के सवाल पर तनाव बढ़ने के कारण भारत और चीन करीब आ रहे हैं। सच यही है कि गलवान झड़प के रूप में आई एक बड़ी अड़चन के बाद भी दोनों देशों ने बातचीत के जरिए गलतफहमियां और मतभेद दूर करने की कोशिश नहीं छोड़ी। इस निरंतर प्रयास का ही नतीजा है कि धीरे-धीरे मतभेद कम होते रहे और पिछले साल सीमा पर दोनों देशों की सेनाओं के डिसइंगेजमेंट को लेकर भी सहमति बन गई। रविवार की बैठक में दोनों नेताओं ने इस पर संतोष जाहिर किया कि पिछले साल कजान में हुई शिखर बैठक के बाद से रिश्तों में लगातार सुधार जारी रहा।

हाथी और ड्रैगन का नृत्य यह शुभ संकेत है कि अब हाथी और ड्रैगन के साथ आने की संभावना रेखांकित की जाने लगी है। लेकिन उसके लिए अभी दोनों देशों को लंबी दूरी तय करनी होगी, बहुत सारे मतभेद और विवाद दूर करने होंगे। इसका अंदाजा दोनों पक्षों को है। तभी बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि मतभेद झगड़े में तब्दील नहीं होने चाहिए।

# दो दरों से बेहतर होगी टैक्स प्रणाली

## थिंक चेंज फोरम ने कर सरलीकरण को बताया असली सुधार




**नई दिल्ली।** थिंक चेंज फोरम की रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया कि टैक्स प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए जीएसटी 2.0 में सिर्फ दो टैक्स स्लैब 5% और 18% प्रतिशत रखे जाने चाहिए। इसमें कहा गया कि 40% का अलग स्लैब बनाने से, चाहे वह सीमित विलासिता या पाप वस्तुओं के लिए ही क्यों न हो, आगे चलकर इसका दायरा बढ़ सकता है और मूल उद्देश्य प्रभावित होगा। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की सफलता के लिए टैक्स सिस्टम को और आसान बनाना जरूरी है। इसके लिए जीएसटी 2.0 में सिर्फ दो टैक्स स्लैब 5% और 18% प्रतिशत रखे जाने चाहिए। थिंक टैंक थिंक चेंज फोरम की रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है।

### 40% अलग स्लैब पर दी चेतावनी

रिपोर्ट ह्यजीएसटी 2.0: टू स्लैब्स टुडे, वन रेट टुमॉरो में चेतावनी दी गई है कि 40% का अलग स्लैब बनाने से, चाहे वह सीमित विलासिता या पाप वस्तुओं के लिए ही क्यों न हो, आगे चलकर इसका दायरा बढ़ सकता है। इससे ज्यादा उत्पाद इस श्रेणी में आ जाएंगे और कर प्रणाली को सरल बनाने का मूल उद्देश्य प्रभावित होगा। फोरम ने जोर देकर कहा कि सभी अप्रत्यक्ष करों, जिनमें सेस भी शामिल हैं, की ऊपरी सीमा 18% से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

क्या होगा फायदा इसमें कहा गया कि इससे एक ही झटके में उलटे शुल्क ढांचे जैसी विसंगतियां दूर हो जाएंगी। ग्रे और अवैध बाजारों में कमी आएगी, मुकदमेबाजी और अनुपालन बोझ कम होगा और जीएसटी प्रणाली की विश्वसनीयता बहाल होगी।

### जीएसटी परिषद की बैठक

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय जीएसटी परिषद की 3 और 4 सितंबर को बैठक होने वाली है। इसमें 5 और 18 प्रतिशत की दो स्लैब वाली कर व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी। केंद्र के अलावा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों वाली परिषद दरों को युक्तिसंगत बनाने, क्षतिपूर्ति उपकर और स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पर तीन मंत्री समूहों की सिफारिशों पर विचार-विमर्श करेगी। करों में नरमी है विकास की रणनीति रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि करों में नरमी राजस्व का त्याग नहीं, बल्कि विकास की रणनीति है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विकृतियों को कम करके, भारत उपभोग बढ़ा सकता है, अनुपालन बढ़ा सकता है, और समय के साथ भारी कर संग्रह कर सकता है। इससे विकसित अर्थव्यवस्था बनने की उसकी महत्वाकांक्षा को बल मिलेगा।

### एक राष्ट्र, एक कर

थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ टी ने कहा कि जीएसटी सुधार प्रतीकात्मकता से आगे बढ़ना चाहिए। भारत के लोगों के लिए एक वास्तविक संशोधन बनने के लिए, इसके विवरण महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य एक पारदर्शी, पूर्वानुमानित कर प्रणाली होना चाहिए। इसमें उच्चतम दर 18 प्रतिशत पर रहे और धीरे-धीरे एकल दर पर आ जाए। उन्होंने कहा कि तभी जीएसटी सही मायने में 'एक राष्ट्र, एक कर' बन पाएगा।

### सरलीकरण है असल सुधार

महिंद्रा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और रिपोर्ट के लेखक नीलांजन बनिक ने कहा कि असल सुधार सरलीकरण में है, आज दो स्लैब और कल एक समान दर। यही रास्ता ज्यादा अनुपालन, कम विकृतियों और स्थायी राजस्व वृद्धि की ओर ले जाएगा। उन्होंने दोहराया कि जीएसटी को सरल और पारदर्शी बनाने से कारोबारियों का बोझ कम होगा और टैक्स प्रणाली पर भरोसा बढ़ेगा।

# सेबी मानकों के उल्लंघन पर एमटीएनएल पर कार्रवाई

## एनएसई-बीएसई ने लगाया 13.46 लाख रुपये का जुमार्ना

**नई दिल्ली।** एनएसई, बीएसई ने सेबी के नियमों का पालन न करने पर एमटीएनएल पर जुमार्ना लगाया है। कंपनी पर बोर्ड संरचना संबंधी सेबी के मानकों का पालन न करने पर दोनों एक्सचेंजों ने 6.73-6.73 लाख रुपये का दंड लगाया है। सरकारी दूरसंचार कंपनी महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने जुमार्ना लगाया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि बोर्ड संरचना संबंधी सेबी के मानकों का पालन न करने पर दोनों एक्सचेंजों ने 6.73-6.73 लाख रुपये का दंड लगाया है।



### इन प्रावधानों का पालन नही किया गया

फाइलिंग में एमटीएनएल ने बताया कि सेबी (एलओडीआर) रेगुलेशंस, 2015 के प्रावधानों का पालन न करने पर यह कार्रवाई की गई। इसमें महिला निदेशक की नियुक्ति न करना, ऑडिट समिति के गठन में खामी, नामांकन और परिश्रमित समिति, स्टेकहोल्डर संबंध समिति व प्रबंधन समिति के गठन में गैर-अनुपालन शामिल हैं।


### कंपनी ने दी सफाई

कंपनी ने सफाई देते हुए कहा कि वह एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और स्वतंत्र निदेशकों सहित सभी बोर्ड नियुक्ति या प्रशासनिक मंत्रालय यानी दूरसंचार विभाग करता है। एमटीएनएल ने बताया कि 15 अप्रैल से दो स्वतंत्र निदेशक, जिनमें एक महिला निदेशक भी शामिल हैं, की नियुक्ति दूरसंचार विभाग द्वारा की जा चुकी है। साथ ही चार और स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मामला केंद्र सरकार के पास लंबित है। कंपनी ने यह भी कहा कि उसने एनएसई और बीएसई से लगाए गए जुमार्ने की माफी का अनुरोध किया है।

## सोना पहली बार 1.05 लाख रुपये के पार

# चांदी में भी रिकॉर्ड उछाल

**नई दिल्ली।** देश में सोने और चांदी की कीमतें रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रही है। एमसीएक्स पर गोल्ड रेट ने अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए है। एक सितंबर को सोना और चांदी अपने आलटाइम हाई पर पहुंच गए है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को सोना 2,404 रुपए बढ़कर 1,04,792 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,02,388 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 5,678 रुपए बढ़कर 1,23,250 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,17,572 रुपए थी। सोमवार को सोना-चांदी की कीमतों में तेजी आने की वजह अमेरिकी डॉलर में कमजोरी, सितंबर में फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती उम्मीदें और ट्रंप टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितताएं रही हैं।



जानकारों कहना है कि अमेरिका के टैरिफ के चलते भू-राजनैतिक तनाव के चलते गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 8 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 28,630 रुपए बढ़कर 1,04,792 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 37,233 रुपए बढ़कर 1,23,250 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

### ट्रंप को बड़ा झटका

दरअसल, पिछले सप्ताह अमेरिकी फेडरल अपील कोर्ट से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन की ओर से अपने व्यापारिक साझेदार देशों पर लगाए गए हाई टैरिफ को गलत करार दिया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप ने प्रेसिडेंटल अथॉरिटीज का गलत इस्तेमाल किए हैं।

## 'भारत ने नियमों का पालन किया, रूसी तेल से लाभ नहीं कमाया'

# पीटर नवारो के बयान पर पुरी का जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहाकर पीटर नवारो की 'लॉन्ड्रोमैट' वाली टिप्पणी पर पलटवार किया है। पुरी ने कहा कि भारत ने रूसी तेल के आयात में कोई नियम नहीं तोड़ा और इसका मकसद वैश्विक बाजार को स्थिर रखना था। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत दशकों से पेट्रोलियम उत्पादों का बड़ा निर्यातक रहा है और इसमें कोई मुनाफाखोरी नहीं हुई है।



केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की 'लॉन्ड्रोमैट' वाली टिप्पणी को सिरे से खारिज किया। उन्होंने साफ कहा कि भारत ने यूक्रेन युद्ध के बाद रूसी तेल खरीदने में कोई नियम नहीं तोड़ा है और भारत की ऊर्जा व्यापार नीति ने वैश्विक बाजार को स्थिर रखने और कीमतों को नियंत्रित करने में मदद की है। यहां लॉन्ड्रोमैट का मतलब संदिग्ध चीजो को वैध दिखाने की प्रक्रिया या जगह है। पुरी ने एक अंग्रेजी अखबार में लेख में लिखा कि भारत ने कोई मुनाफाखोरी नहीं की है। उन्होंने बताया कि रूस की ओर से फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले से बहुत पहले से ही भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा पेट्रोलियम उत्पाद निर्यातक रहा है और युद्ध के बाद भी भारत का निर्यात और मुनाफा लगभग समान बना हुआ है। उन्होंने लिखा, कुछ आलोचक आरोप लगाते हैं कि भारत रूसी तेल के लिए लॉन्ड्रोमैट बन गया है। इससे ज्यादा गलत बात कुछ नहीं हो सकती।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दोस्तों क्या आपने कभी नीले रंग के अंडे देखे हैं? कैसे इन अण्डों में नीला रंग आया, इसके पीछे एक बहुत ही रोचक कहानी है। एक अध्ययन के अनुसार, 500 साल पहले एक वायरस ने दक्षिणी अमेरिकी देसी मुर्गियों की एक प्रजाति को संक्रमित कर दिया था। यह संक्रमड अनुवांशिक उत्परिवर्तन का कारण बन गया, जो की एक रंगद्रव्य को संचयित करता है जिसे बिलिवरडीन कहा जाता है, नतीजन मुर्गियों ने नीले अंडे देने शुरू कर दिया।
- एक मुर्गी प्रतिदिन अंडे को लगभग 50 बार उलटती पुलटती है ताकि अंडे का अंदारूमी पीला भाग किनारों से चिपके न।
- शुतुरमुर्ग के अंडे का ग्लोब, दुनिया का सबसे पुराना नक्शा हो सकता है, इस ऐग्ग ग्लोब पर साल 1504 की तारीख लिखी हुई है।
- साल 1912 में, तीन आदमी अंटार्कटिका से एम्परर पेंगुइन के अंडे को खोजने निकल पड़े। वहां इतनी ठण्ड थी की एक आदमी के दांत कटकताहट के साथ टूट कर बिखर गए थे। जब वे वापस यूनाइटेड किंगडम लौटे तो, राष्ट्रिय इतिहास संग्रहालय ने अंडे को स्वीकार करने से मना कर दिया।

## राशिफल

**मेष:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष:** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क:** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह:** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या:** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला:** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु:** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर:** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

पति अपने दोस्त से : यार मेरी पत्नी बहुत खर्चीले स्वभाव की हो गई है , आये दिन कभी 1000 कभी 2000 मांगती रहती है
दोस्त : तुम्हारी पत्नी इतने पैसों का करती क्या है ?
पहला दोस्त : क्या पता? मैंने कभी दिए ही नहीं।

---

मोनू: भाई, तू इतना मोटा कैसे हो गया?
सोनू: यार, जिम जाता हूँ रोज।
मोनू: क्या करता है वहाँ?
सोनू: बस, जिम के बाहर समोसे खा कर घर आ जाता हूँ!

---

दोस्त: यार, तू इतना खुश क्यों दिख रहा है?
मोनू: क्योंकि कल डॉक्टर ने कहा था ज्यादा मीठा मत खाओ
दोस्त: फिर?
मोनू: आज मैंने पूरा हलवाई की दुकान ही खा ली — अब कल से बंद!

## 02 09 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


अम्बली देवी (अभिनेत्री)


ऋषिवी राणा


गरिमा बंधवाकर वाखले


प्रियंका कौशिक


सतपाल प्रधान (पूर्व अध्यक्ष भाजपा)


दिनेश गोयल


आजाद सिंह


अक्षय सिंह


कुलदीप चौरसिया


महेश पवार


संजीव कुमार


शैंकी पंडित


आशीष


देवेन्द्र सांगवान


रोहित तोमर


दीपक कुमार


हर्ष शर्मा


शोएब मलिक


सुनील कुमार


वरूण भारद्वाज


हनी सिंह बैसला


विपुल तोमर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

## करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# लोनी बार एसोसिएशन ने उठाई मांग
## रूपनगर इंडस्ट्रियल एरिया का पट्टा निरस्त हो



**गाजियाबाद (लोनी):** लोनी तहसील बार एसोसिएशन ने डीएम से मांग की है कि रूपनगर इंडस्ट्रियल एरिया ग्राम लोनी (बख्तावर साहब) की खसरा संख्या 1464/1 पर जारी पट्टे को तत्काल निरस्त किया जाए।

बार एसोसिएशन ने कहा कि यह जमीन वर्षों से राजस्व अभिलेखों में ह्यबेआबाद तालाबह्ल के रूप में दर्ज है और इस पर किसी भी प्रकार का औद्योगिक निर्माण कराना न केवल गलत है बल्कि स्थानीय लोगों के हितों के विपरीत भी है।

पत्र में कहा गया है कि इस जमीन पर 200 सालों से अधिक समय से पानी भरा रहता है और बरसात के दिनों में यहां कीचड़ तथा जलभराव की स्थिति बन जाती है। इस स्थिति में औद्योगिक उपयोग के लिए यह स्थान उपयुक्त नहीं है।

बार एसोसिएशन ने यह भी उल्लेख किया कि तालाब के अस्तित्व को बचाने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए इस पट्टे को निरस्त करना जरूरी है। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि प्रशासन ने मांग नहीं मानी तो वकील समुदाय आंदोलन को बाध्य होगा।

एसोसिएशन ने जिला प्रशासन से अपील की है कि किसानों और स्थानीय जनता के हितों को देखते हुए इस जमीन को तालाब की श्रेणी में बनाए रखा जाए और किसी भी तरह का औद्योगिक निर्माण रोकने के आदेश जारी किए जाएं।





# विश्व चैंपियनशिप में भारत की अगुवाई करेंगे नीरज



**नई दिल्ली।** अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में भारत के पुरुष भाला फेंक खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक होगी जिसमें नीरज चोपड़ा की अगुआई में देश के चार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह वैश्विक मंच पर दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा के प्रदर्शन से आई गई क्रांति का उल्लेखनीय प्रतिबिंब है। भारत ने 13 से 21 सितंबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए रविवार को 19 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें भाला फेंक स्पर्धा में चोपड़ा के अलावा सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव भी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### 36 खिलाड़ियों का समूह

टोक्यो में प्रतिस्पर्धा करने वाले शुरूआती 36 खिलाड़ियों के समूह में जगह बनाने में नाकाम रहे रोहित को विश्व एथलेटिक्स से आमंत्रण मिला जब विश्व रैंकिंग में उनसे ऊपर के प्रतियोगियों ने नाम वापस ले लिया। पिछले टूर्नामेंट में भी चार भारतीयों ने क्वालिफाई किया था लेकिन रोहित चोट के कारण बाहर हो गए थे। चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में पिछली विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था जबकि किशोर जेना और डीपी मनु क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे थे। पहली बार हुआ ऐसादेश के इतिहास में पहली बार चार भारतीय विश्व चैंपियनशिप की किसी स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। गत चैंपियन होने के कारण 27 वर्षीय चोपड़ा ने वाइल्ड कार्ड से विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया जिससे तीन अन्य भारतीयों के उनके साथ जुड़ने का रास्ता साफ हुआ। किसी भी देश को प्रतिस्पर्धा में अधिकतम तीन प्रतिभागियों को शामिल करने की अनुमति है लेकिन यदि कोई खिलाड़ी वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रतियोगिता में जगह बनाता है तो यह संख्या चार हो सकती है।

चोपड़ा ने 85.50 मीटर का क्वालिफाइंग स्तर भी पार कर लिया था जबकि अन्य तीन भारतीयों ने विश्व रैंकिंग के माध्यम से कट हासिल किया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमारिवाला ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे विशेष रूप से खुशी है कि हमारे चार पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी क्वालीफाई कर चुके हैं।

# नंदिनी के न चुने जाने पर विवाद
## एएफआई प्रवक्ता को देनी पड़ी सफाई



**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमरिवाला ने रविवार को स्पष्ट किया कि एशियाई चैम्पियन हेप्टाथलीट नंदिनी अगासरा को अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिए 19 सदस्यीय टीम से बाहर सिर्फ फिटनेस कारणों से किया गया है।

नंदिनी ने 13 से 21 सितंबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया था। उन्होंने पहले बताया था कि वह टोक्यो में हिस्सा नहीं लेंगी क्योंकि मई में एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान उनकी कोहनी में चोट लग गयी थी। वह इस चोट से अब तक पूरी तरह से उबर नहीं पाई हैं।

सुमरिवाला ने टीम की घोषणा के बाद ऑनलाइन बातचीत में कहा, 'नंदिनी का 2023 में हांगझोऊ में एशियाई खेलों के दौरान एक साथी खिलाड़ी ने विरोध किया था, लेकिन मैं यह बात साफ कर देना चाहता हूं कि उन्हें विश्व एथलेटिक्स ने क्लीन चिट दे दी थी।'

वह स्वप्ना बर्मन की शिकायत का जिक्र कर रहे थे। स्वप्ना ने हांगझोऊ में कांस्य पदक जीतने वाली नंदिनी पर आरोप लगाए थे। स्वप्ना चौथे स्थान पर रही थी। सुमरिवाला ने कहा, 'विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई करने वाले सभी खिलाड़ियों का जीन टेस्ट किया गया है। इसके नतीजे सीधे विश्व एथलेटिक्स को भेजे जाएंगे। इसका खर्च भी वही वहन करते हैं। हमारे पास इस तरह की कोई रिपोर्ट नहीं है।'


विश्व एथलेटिक्स ने हाल ही में सभी सदस्य देशों को निर्देश दिया था कि वे टोक्यो में होने वाली चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का एसआरवाई (सेक्स-डिटर्मिनिंग रीजन वाई) जीन टेस्ट करवाएं। यह टेस्ट मुख्य रूप से यह पहचानने के लिए किया जाता है कि भ्रूण विकास के दौरान पुरुष लिंग निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला एसआरवाई जीन मौजूद है या नहीं। उन्होंने नंदिनी को हटाये जाने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा, 'तीसरी बात, यह एक संवेदनशील मुद्दा है और इसे सार्वजनिक रूप से चर्चा में नहीं लाया जा सकता। विश्व एथलेटिक्स के गोपनीयता नियम होते हैं।'

### विश्व चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम

**पुरुषः** नीरज चोपड़ा, सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव (पुरुष भाला फेंक), मुरली श्रीशंकर (पुरुष लंबी कूद), गुलवीर सिंह (पुरुष 5,000 मीटर और 10,000 मीटर), प्रवीण चित्रावेल और अब्दुल्ला अबुबाकर (पुरुष त्रिकूद), सर्वेश अनिल कुशारे (पुरुष ऊंची कूद), अनिमेष कुजूर (पुरुष 200 मीटर), तेजस शिरसे (पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़), सर्विन सबेस्टियन (पुरुष 20 किमी पैदल चाल), राम बाबू और संदीप कुमार (पुरुष 35 किमी पैदल चाल)।

**महिलाएंः** पारुल चौधरी और अंकिता ध्यानी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज), अन्नू रानी (महिलाओं की भाला फेंक), प्रियंका गोस्वामी (महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल), पूजा (महिलाओं की 800 मीटर और 1500 मीटर)।

# अरुण लाल ने बच्चों के अधिक फोन चलाने पर चिंता व्यक्त की, खेल चुनने के लिए प्रोत्साहित करने कहा



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी अरुण लाल ने बच्चों के स्क्रीन टाइम पर चिंता व्यक्त की है और उन्हें खेल चुनने के लिए प्रोत्साहित करने कहा है। अरुण लाल ने राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के क्षेत्रीय केंद्र द्वारा आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। ग्रासरूट्स टू ग्लोबल पोडियम्सः इंडियाज रोड टू 2036 विषय पर आयोजित सत्र में अरुण ने भारत की ओलंपिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जमीनी स्तर के खेलों के महत्व पर जोर दिया।

अरुण लाल ने आयोजित सत्र में कहा, 'बच्चों को फोन की जगह खेल के मैदान को चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहए।' इस संगोष्ठी में साई के क्षेत्रीय निदेशक अमर ज्योति सहित अन्य गणमान्य लोगों ने स्कूलों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। सरकार ने इस वर्ष इसे तीन दिवसीय उत्सव बना दिया है, जिसमें साइकिलिंग प्रतियोगिताएं का आयोजन भी शामिल था। चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही अन लि को सिर्फ 54 मिनट में 6 . 1, 6 . 2 से हराकर अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा से होगा जिन्होंने टेलर टाउनसेंड को 1-6, 7-6, 6-3 से मात दी। पेगुला ने अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है। इसके साथ ही 31 ग्रैंडस्लैम खेल चुकी टाउनसेंड का पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना भी टूट गया। अन्य मुकाबलों में कार्लोस अल्काराज ने आर्थर रिंडरनेच को 7-6, 6-3, 6-4 से हराया। वह ओपन युग में 13 ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।

# जेसिका पेगुला अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में सामना क्रेसिकोवा से; इस खिलाड़ी की ट्रॉफी चोरी हुई



**वाशिंगटन।** चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही अन लि को सिर्फ 54 मिनट में 6 . 1, 6 . 2 से हराकर अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा से होगा जिन्होंने टेलर टाउनसेंड को 1-6, 7-6, 6-3 से मात दी। पेगुला ने अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है।

इसके साथ ही 31 ग्रैंडस्लैम खेल चुकी टाउनसेंड का पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना भी टूट गया। अन्य मुकाबलों में कार्लोस अल्काराज ने आर्थर रिंडरनेच को 7-6, 6-3, 6-4 से हराया। वह ओपन युग में 13 ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। वहीं नोवाक जोकोविच रिकॉर्ड 64वें ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जब उन्होंने क्वालीफायर जान लेनार्ड स्टफ को 6-3, 6-3, 6-2 से मात दी। अब उनका सामना पिछले साल के उपविजेता टेलर फ्रिट्ज से होगा जिन्होंने टोमास माचाक को हराया। वहीं एरिना सबालेंका ने क्रिस्टिना बुक्सा को 6-1, 6-4 से मात दी। अब वह 2023 विम्बलडन चैम्पियन मार्केटा वोंड्रूसकोवा से खेलेंगी जिन्होंने 2022 विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना को 6-4, 5-7, 6-2 से मात दी। टेनिस खिलाड़ी सोराना क्रिस्टी ने कहा है कि हाल ही में एक महिला टूर्नामेंट में जीती हुई उनकी ट्रॉफी अमेरिकी ओपन के दौरान न्यूयॉर्क में होटल के कमरे से चोरी हो गई है। सोराना एकल वर्ग से हारकर बाहर हो चुकी हैं। उन्होंने शनिवार की रात इंस्टाग्राम पर लिखा, 'जिसने भी द फिफ्टी सोनेस्टा होटल के कमरा नंबर 314 से मेरी क्लीवलैंड ट्रॉफी चुराई है। कृपया उसे

# महिला वनडे विश्व कप में इनामी राशि का नया इतिहास
## चार गुना की बढ़ोतरी; विजेता टीम को 39.55 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** आईसीसी ने सोमवार को घोषणा की कि आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में विजेता टीम को अब तक की सबसे बड़ी इनामी राशि दी जाएगी। इस बार चैंपियन टीम को 4.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 39.55 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो पिछले संस्करण की इनामी राशि (1.32 मिलियन डॉलर यानी 11.65 करोड़ रुपये) से लगभग चार गुना ज्यादा है।

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाला यह 13वां संस्करण कुल आठ टीमों के बीच खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट की कुल प्राइज मनी 13.88 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 122.5 करोड़ रुपये) होगी, जो 2022 में न्यूजीलैंड में हुए पिछले वर्ल्ड कप (3.5 मिलियन डॉलर यानी 31 करोड़ रुपये) से लगभग तीन गुना ज्यादा है। यह इनामी राशि पुरुष वर्ल्ड कप 2023 (10 मिलियन डॉलर यानी 88.26 करोड़ रुपये) से भी ज्यादा है। 2023 में हुए पुरुषों के वनडे विश्व कप की विजेता टीम ऑस्ट्रेलिया को 33.31 करोड़ रुपये मिले थे। वहीं, उपविजेता भारत को 16.65 करोड़ रुपये मिले थे। महिला वनडे विश्व कप की विजेता राशि इससे कहीं ज्यादा है। आईसीसी के मुताबिक, इस बढ़ोतरी का मकसद महिला क्रिकेट की लोकप्रियता को बढ़ाना और पुरुषों के बराबर सम्मान दिलाना है। यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका के पांच स्थानों, गुवाहाटी, इंदौर, नवी मुंबई, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेला जाएगा। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने इसे महिला क्रिकेट की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा, 'यह घोषणा महिला क्रिकेट की यात्रा का एक मील का पत्थर है। इनामी राशि में चार गुना बढ़ोतरी खेल की लंबी अवधि की वृद्धि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश साफ है महिला क्रिकेटरों को यह भरोसा होना चाहिए कि इस खेल को पेशेवर रूप से अपनाने पर उन्हें पुरुषों के बराबर सम्मान और अवसर मिलेंगे।' आईसीसी ने कहा कि यह बदलाव आने वाली पीढ़ी की महिला खिलाड़ियों और प्रशंसकों को प्रेरित करेगा और महिला क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

### इनामी राशि का पूरा ब्योराः

**विजेता टीम:** 4.48 मिलियन डॉलर (39.55 करोड़ रुपये)
**रनर-अप टीम:** 2.24 मिलियन डॉलर (19.77 करोड़ रुपये)
**सेमीफाइनल हारने वाली टीमें:** 1.12 मिलियन डॉलर (9.89 करोड़ रुपये) प्रत्येक।
**ग्रुप स्टेज जीत:** 34,314 डॉलर (30.29 लाख रुपये) प्रति मैच।
**5वें और 6ठे स्थान की टीमें:** 7 लाख डॉलर (62 लाख रुपये) प्रत्येक।
**7वें और 8वें स्थान की टीमें:** 2.8 लाख डॉलर (24.71 लाख रुपये) प्रत्येक।
**सभी भाग लेने वाली टीमें:** 2.5 लाख डॉलर (22 लाख रुपये) प्रत्येक।

# मलेशिया ने चीनी ताइपे को 15-0 से रौंदा
## टूर्नामेंट की सबसे बड़ी जीत; अखिमुल्ला चमके



**नई दिल्ली।** एशिया कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में सोमवार को एक ऐतिहासिक मुकाबला देखने को मिला जब मलेशिया ने चीनी ताइपे को 15-0 के रिकॉर्ड अंतर से हराकर इस प्रतियोगिता की अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यह जीत न केवल मलेशियाई टीम की श्रेष्ठता का प्रमाण है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में अनुभव और तैयारी के महत्व को भी रेखांकित करती है।

### रिकॉर्ड तोड़ जीत

इससे पहले इस टूर्नामेंट में चीन द्वारा कजाकिस्तान को 13-1 से हराने का रिकॉर्ड था, लेकिन मलेशिया ने इसे भी पीछे छोड़ दिया। यह मुकाबला वास्तव में औपचारिकता भर का था क्योंकि मलेशिया पहले से ही टॉप-4 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी, जबकि चीनी ताइपे दोनों मैच हारकर खिताब की दौड़ से बाहर हो चुकी थी।

### अखिमुल्ला अनाउर का शानदार प्रदर्शन

मलेशियाई टीम के लिए स्टार खिलाड़ी अखिमुल्ला अनाउर रहे, जिन्होंने अकेले पांच गोल दागे। उनके साथ अशरान हमशानी ने चार गोल और नूरशफीक सुमंत्री ने तीन गोल से अपना योगदान दिया। अन्य गोल स्कोरर्स में अइमान रोजेमी, एंडीवालफियन जेफ्रीनस और अबु कमाल अजरई शामिल रहे, जिन्होंने एक-एक गोल दागा।

मैच के दौरान मलेशिया को तीन पेनाल्टी कॉर्नर मिले जबकि चीनी ताइपे को चार मिले, लेकिन किसी भी टीम इन अवसरों का फायदा नहीं उठा सकी। दिलचस्प बात यह है कि मलेशिया के सभी 15 गोल मैदानी खेल से आए, केवल एक गोल पेनाल्टी स्ट्रोक से हुआ। यह मलेशियाई टीम की बेहतर रणनीति और फील्ड पर नियंत्रण का स्पष्ट संकेत है।

यह मुकाबला एक अनुभवी और तैयार टीम तथा अनुभवहीन टीम के बीच का स्पष्ट अंतर दिखाता है। चीनी ताइपे की युवा टीम को मलेशियाई खिलाड़ियों के अनुभव और कौशल के सामने कोई जवाब नहीं मिला। यह हार निश्चित रूप से चीनी ताइपे के लिए एक कड़ा सबक है। मलेशिया अब सेमीफाइनल की तैयारी में जुट जाएगी, जहां उन्हें और भी कड़ी चुनौतियों का सामना करना होगा। इस जीत से मिला आत्मविश्वास निश्चित रूप से उनके लिए फायदेमंद साबित होगा।

# 'खेल और खिलाड़ियों को समझना महत्वपूर्ण'
## मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अपटन ने बताया मूल मंत्र



**मुंबई।** मशहूर मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अपटन अपने मूल मंत्र के बारे में बताया है। अपटन का कहना है कि उनका एक ही मंत्र है, खेस और खिलाड़ियों की जरूरत को समझना। अपटन खेल में जाना-पहचाना चेहरा हैं और वह भारतीय क्रिकेट टीम के साथ भी समय बिता चुके हैं। अपटन 2011 वनडे विश्व कप के दौरान तत्कालीन मुख्य कोच गैरी कर्स्टन के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा थे। वह फिलहाल हॉकी एशिया कप के लिए भारतीय पुरुष टीम के साथ जुड़े हुए हैं।

### पेरिस ओलंपिक पदक विजेता टीम के साथ थे अपटन

अपटन पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम तथा पिछले वर्ष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2022 एशियाई खेलों की विजयी टीमों का भी हिस्सा थे। अपटन ने कहा, टीमवर्क के सिद्धांत लगभग एक जैसे हैं। हॉकी में एक अलग प्रकार का टीमवर्क होता है, जिसमें कई खिलाड़ियों को जुड़ना पड़ता है। क्रिकेट में भी टीमवर्क होता है, लेकिन यह अधिक व्यक्तिगत होता है। लेकिन ध्यान केंद्रित रखने के सिद्धांत, ध्यान भटकाने वाली चीजों का प्रबंधन करने के सिद्धांत जैसे स्कोरबोर्ड, प्रशंसक, विरोधी टीम, गलती करने का पछतावा, ये सब एक जैसे ही हैं।

### क्रिकेट के इर्द-गिर्द घूमता रहा है करियर

अपटन का करियर मुख्य रूप से क्रिकेट के इर्द-गिर्द घूमता रहा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी टीम और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स सहित दुनिया भर की कई टी-20 फ्रेंचाइजी के साथ काम किया है। उन्होंने हालांकि रग्बी और हाल ही में हॉकी जैसे अन्य खेलों में भी काम किया है। दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले अपटन ने कहा, मुझे हॉकी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। मैं भारत का रहने वाला नहीं हूं और अब भी मैं यहां एक मेहमान हूं, इसलिए मेरा दृष्टिकोण वास्तव में सुनने, माहौल को समझने, खेल को समझने और प्रत्येक व्यक्ति को समझने पर ध्यान देने का है। जब मैं चीजों को समझ जाऊंगा तभी किसी तरह की मदद कर सकता हूं।

भारतीय हॉकी टीम के साथ काम करने के तरीके के बारे में पूछे जाने पर अपटन ने कहा, यह खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और टीम सत्र दोनों तरह से होता है। हम टीम के साथ कार्यशालाएं आयोजित करते हैं और खिलाड़ियों के साथ व्यक्तिगत रूप से भी संपर्क करते हैं। यह आखिरकार कोच और कप्तान पर निर्भर करता है कि वे क्या चाहते हैं।

# शंकराचार्य की उपस्थिति में 'गो माता राष्ट्र माता' आंदोलन पर अहम बैठक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के सान्निध्य में 27 अगस्त 2025 को मुंबई में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 'गो माता राष्ट्र माता हो' और 'गो हत्या बंद हो' जैसे मुद्दों पर राष्ट्रव्यापी आंदोलन को गति देना था।

**बैठक के मुख्य बिंदु**

**उद्देश्य :** गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने और गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए देशव्यापी आंदोलन की रणनीति तैयार करना।

**उपस्थिति :** बैठक में 36 प्रदेशों के गो प्रभारी, भारत के चारों अंचलों (पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण) के अंचल प्रभारी और गो प्रवराधीश शामिल हुए। उत्तर भारत से महेश आहूजा और विनय कक्कड़ ने भी इसमें भाग लिया।

**संबोधन :** स्वयं जगद्गुरू शंकराचार्य जी ने बैठक को संबोधित किया और आंदोलन को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

**आगामी योजना :** आंदोलन को गति देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यह तय किया गया कि सितंबर की शुरूआत में बिहार के सीतामढ़ी से पत्रकार वार्ता के माध्यम से इस आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा।

यह बैठक इस आंदोलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे देशभर में गो संरक्षण के प्रयासों को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

# बिना हेलमेट एनएच-24 पर बाइक चला रहा युवक पिकप से टकराया, मौके पर ही मौत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आखिर प्रदेश की योगी सरकार हेलमेट के बिना पेट्रोल नहीं देने का अभियान क्यों चला रही है? यह जानना हो त ा ो गाजियाबाद के एनएच-24 पर हुई दुर्घटना को उदाहरण के तौर पर देखा जा सकता है। वेब सिटी थाना क्षेत्र के तहत एनएच-24 पर तेज स्पीड से बाइक चला रहा था तभी उसके सामने एक पिकप गाडी आ गई। यह युवक बिना हेलमेट गाडी चला रहा था। अचानक सामने पिकप गाडी आ जाने से वह गाडी से टकरा गया। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। युवक की पहचान रिहान के रूप में हुई है।



# कोतवाली सर्किल में अपराध पर कड़ी निगरानी के लिए जन सहयोग से सीसीटीवी लगे

## लूट, स्नेचिंग, वाहन चोरी और नकबजनी के हॉटस्पॉट चिन्हित कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिटी जोन के कोतवाली सर्किल में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने एक नई पहल शुरू की है। पुलिस ने इलाके में लूट, स्नेचिंग, वाहन चोरी और नकबजनी जैसी घटनाओं पर रोक लगाने और अपराधियों पर सख्त नजर रखने के लिए हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की तैनाती शुरू कर दी है। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि इस योजना के तहत दोनों थानों यानी विजय नगर और घटा कोतवाली में 100-100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये कैमरे दिन और रात दोनों में दृश्य रिकॉर्ड करने में सक्षम हैं, ताकि किसी भी समय होने वाली घटना पर तुरंत नजर रखी जा सके।

### दोनों थानों में बनेगा कंट्रोल रूम



**करंट क्राइम :** एसीपी का कहना है कि प्रत्येक थाना में अलग-अलग कंट्रोल रूम तैयार किए गए हैं। यहां 24 घंटे पुलिस कर्मी कैमरों की निगरानी करेंगे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अब अपराधी किसी भी स्थिति में घटना करके बच नहीं पाएंगे। पुलिस ने जनता से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में जनता का सहयोग बेहद जरूरी है। लोग किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, जिससे अपराधों की रोकथाम हो सके और सुरक्षा सुनिश्चित हो। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बढ़ाना, अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखना और जनता के बीच विश्वास मजबूत करना है। कैमरों और कंट्रोल रूम की व्यवस्था से अब किसी भी अपराध की घटना तुरंत पकड़ में लाई जा सकेगी।



# क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने फारूक सलमानी गैंग के चार शातिर चोर दबोचे, चोरी की सात कार बरामद

## पंजाब से लेकर राजस्थान, हरियाणा और गुजरात तक फैला है वाहन चोरों का नेटवर्क

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने वाहन चोर फारूक सलमानी के गिरोह से जुड़े चार शातिर चोरों को गिरफ्तार करने के साथ ही दिल्ली-एनसीआर से चोरी की गई सात कार बरामद की हैं। पुलिस ने इनके पास से वाहन चोरी के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और शस्त्र व अन्य सामान बरामद किया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों पर बड़ी संख्या में चोरी के मुकदमे दर्ज हैं।

एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एसीपी क्राइम सूर्यबली मौर्य और स्वॉट टीम प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया है कि गिरफ्तार चांद के खिलाफ दिल्ली, अलीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद मिलाकर 15 मुकदमे दर्ज हैं। तो सूफियाना के खिलाफ दिल्ली, अलीगढ़, गाजियाबाद मिलाकर 13 मुकदमे दर्ज हैं। वही ओवैस पर 16 मुकदमे और अभियुक्त बृजमोहन उर्फ बीएम पर 10 मामले दर्ज हैं। पुलिस उनके गैंग से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस का दावा है चोरों का यह गैग अब तक तीन सौ से ज्यादा वाहन चोरी कर खपा चुका है।



### 10 राज्यों से जुड़ा है वाहन चोरों का गैंग, तीन तरीके के बदमाश है एक्टिव

**करंट क्राइम :** इस पूरे मामले में एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने जानकारी दी है कि वाहन चोरों का यह गिरोह फारूक सलमानी के साथ मिलकर काम करता था। इसमें चोरी करने वाले, चोरी का माल ऑन डिमांड भेजने वाले और चोरी के वाहन रिसीव करने वाले तीन तरीके के शातिर बदमाश एक्टिव हैं। यह ग्रुप पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, झारखंड, गुजरात के साथ ही पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई शहरों से जुड़ा हुआ है। पुलिस की माने तो इस गैंग में अभी पुलिस ने केवल दो खुलासे किए हैं। इस मामले में आगे जांच बढ़ेगी तो वाहनों की संख्या और आरोपियों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिलेगा।

## पुलिस तलाश रही है गैंग के 15 और सदस्य

### स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच द्वारा अब तक मारुति की 8 गाड़ियां और एक क्रेटा की बरामद



**करंट क्राइम :** इस पूरे मामले में क्राइम ब्रांच की टीम लगातार कई राज्यों में दबिश देने और इस गिरोह से जुड़े बदमाशों और चोरों को खोजने में लगी हुई है। पुलिस ने दावा किया है कि अब तक इस गिरोह से एक क्रेटा सहित मारुति कंपनी की आधा दर्जन से अधिक चोरी की कारें बरामद की गई हैं। चोरी की अधिकांश गाड़ियां दिल्ली और आसपास के शहरों से चोरी की जाती थी। स्वॉट क्राइम ब्रांच प्रभारी अनिल राजपूत का कहना है कि इस मामले में पुलिस को कई और लिंक मिले हैं, जिसका खुलासा आने वाले दिनों में किया जाएगा।

# मायावती के निर्देश पर बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल आज लोनी दौरे पर



**गाजियाबाद/लोनी, करंट क्राइम।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल आज लोनी आएंगे। प्रदेश अध्यक्ष पाल मृतक वर्षा जाटव पुत्री विनोद जाटव, निवासी बागरण लोनी के शोकाकुल परिवार से मुलाकात करेंगे।

बताया गया है कि प्रदेश अध्यक्ष लगभग दोपहर 12 बजे लोनी पहुँचेंगे। बसपा नेताओं ने बताया कि पार्टी संगठन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा निर्धारित किया गया है।

# कमिश्नरेट पुलिस की नई पहल : अब हर बुधवार लगेगा वादी संवाद दिवस

## जनता को त्वरित न्याय और पारदर्शिता दिलाने के लिए सभी थानों में आयोजित होगा संवाद कार्यक्रम, सीपी गाजियाबाद की पहल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जनता और पुलिस के बीच पारदर्शिता व विश्वास बढ़ाने के लिए वादी संवाद दिवस की नई पहल की गई है। यह कार्यक्रम हर बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सभी थानों में आयोजित होगा। जिसमें इस दौरान थाना प्रभारी व संबंधित विवेचक वादियों से मिलकर उनके विवेचनाधीन मामलों और शिकायतों की वर्तमान स्थिति के बारे में तथ्यात्मक जानकारी देंगे। इससे वादी अपने मामले की सही स्थिति समय पर जान सकेंगे और न्याय प्रक्रिया में विश्वास बनाए रख सकेंगे। साथ ही, संबंधित क्षेत्र के एसीपी भी थानों में मौजूद रहेंगे, ताकि प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित हो और वादियों के सवालों का संतोषजनक उत्तर दिया जा सके। पुलिस कमिश्नर ने बताया है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य वादियों और पुलिस के बीच सीधे संवाद के माध्यम से विश्वास मजबूत करना और न्याय प्रक्रिया को शीघ्र व सुदृढ़ बनाना है।

### जनता में विश्वास बढ़ाने की है नई पहल



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अब प्रत्येक बुधवार को 10 से 2:00 बजे तक थानों में वादी संवाद दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पक्ष और विपक्ष दोनों लोग होंगे, पुलिस के अधिकारियों के समक्ष केस से संबंधित सभी दस्तावेज और वादियों को सही जानकारी देना होगा। इससे जनता का विश्वास और संतोष बढ़ेगा। तो वहीं पुलिस के बीच संवाद स्थापित होने से न्याय प्रक्रिया में पारदर्शित आएगी। वादियों को समय पर जानकारी मिलेगी, तो वह संतुष्ट रहेंगे। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि इससे पुलिस और जनता के भरोसे का वातावरण बनेगा। साथ ही जनता को अपने सवालों के संतोषजनक उत्तर थाने पर मिलेंगे। जिस मामले में पुलिस की लापरवाही मिलेगी, उसमें एसीपी स्तर के अधिकारी पूरी रिपोर्ट तैयार करवाएंगे।

# मां का अपमान कांग्रेस की पहचान : ओम दत्त कौशिक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंडल संयोजक राज नगर मंडल भाजपा ओमदत्त कौशिक ने कहा कि मां का अपमान करना कांग्रेस की पहचान है। जब राजनीति विचारों से शून्य हो जाती है तब वह केवल गाली गलौज और अभद्रता का रूप धारण कर लेती है। कांग्रेस आरजेडी मंच से पीएम मोदी की माता जी पर अभद्र टिप्पणी इसी दूषित मानसिकता का उदाहरण है। भारतीय जनमानस विशेष कर बिहार ऐसे कुकृत्यों को कभी स्वीकार नहीं करेगा।




# कमिश्नरेट में नंबर दो के अधिकारी जल्द शुरू करेंगे पारी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार अधिकारियों के आने और जाने का सिलसिला बना रहता है। तो बीते दिनों एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी की पोस्टिंग का आदेश हुआ था। सूत्र बता रहे हैं कि वह आज से गाजियाबाद में वर्किंग कर अपनी नई पारी की शुरूआत कर देंगे। उनके आने से पहले ही चर्चा शुरू हो गई है कि वह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नंबर दो के अधिकारी के रूप में भूमिका निभाएंगे। फिलहाल वह मुख्यालय सहित कई अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के हकदार बताए जा रहे हैं। वहीं पुलिस के सूत्रों ने बताया है कि उनके बड़े साहब से ताज नगर कमिश्नरेट से पुराने और अच्छे संबंध रहे हैं। दोनों की वर्किंग का स्टाइल लगभग मिलता-जुलता है और कई प्रमुख जिलों का उनका अनुभव उनको खास भी बनाता है। खास बात यह है कि उनके आने से पहले ही चर्चा शुरू हो गई है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी जो पूर्व में गाजियाबाद में तैनात रहे हैं, जाने के बाद जो नंबर दो वाली और कमिश्नरेट के पिलर वाली भूमिका थी उसे अब प्रमुखता से भरा जाएगा। सुनने में आ रहा है कि आने वाले दिनों में नंबर दो वाले अधिकारी ही प्रमुख अभियान और मामलों में आगे नजर आएंगे। तो अन्य अधिकारियों को भी वह अपने साथ में लेकर चलेंगे और तालमेल बनांएगे। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने वाले दिनों में कई बड़े आयोजनों को लेकर तैयारियां शुरू की जानी है। तो त्यौहारी सीजन को लेकर जिस तरीके से बीते दिनों मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दिशा निर्देश दिए गए हैं। उसका भी पालन कराया जाएगा। कानून व्यवस्था की स्थिति सुधारने से लेकर क्राइम कंट्रोल और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्थिति सुधारने के लिए कई अन्य प्रमुख कार्यक्रम और योजना भी बनाई जाने की जानकारी मिली है। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से प्रदेश, कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में प्रदेश स्तर पर आने वाली लिस्ट में कुछ ट्विस्ट आ रहा है। तो वहीं अभी बताया जा रहा है कि सितंबर के महीने में कई और स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव की भी संभव है। अब देखना होगा इसका असर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के किस जोन और किस सर्किल में सर्वाधिक देखने को मिलेगा।




# लक्ष्य निर्माण योजना ट्रस्ट का वार्षिक उत्सव समारोह मनाया गया




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** लक्ष्य टीम के सेवा प्रभारी विपुल जैन ने बताया कि लक्ष्य (लक्ष्य ज्ञान के प्रसार) के अंतर्गत भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता पर विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लक्ष्य टीम में आज के कार्यक्रम में विभिन्न अनाथालयों, शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं एवं अनेक विद्यालयों के मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान विभिन्न प्रकार के पुरस्कार वितरित करके किया गया। महंत नारायण गिरी पीठाधीश्वर (श्री दूधेश्वर मठ मंदिर जूना अखाड़ा वाराणसी) समारोह की गरिमा रहे। मुख्य अतिथि के रूप में सी एल ब्रेजा जी, राजकुमार जिंदल, अजय गुप्ता, केशव कांत मित्तल, सुनील कुमार गोयल, अमित गर्ग रहे। कार्यक्रम का संचालन कपिल देव गुप्ता (अध्यक्ष ), हरि प्रकाश गुप्ता, ज्ञानेश गुप्ता, राजकुमार गोयल, घनश्याम दास गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज में दीक्षारंभ 2025

## बी. फार्मा, डी. फार्मा और एम. फार्मा छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदर दीप फार्मेसी कॉलेज, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बी. फार्म, डी. फार्म एवं एम. फार्म पाठ्यक्रमों के नए छात्रों के लिए 'दीक्षारंभ 2025' ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में भारतीय फार्माकोपिया आयोग के सीनियर प्रिंसिपल साइंटिफिक ऑफिसर डॉ. अनिल कुमार तेवतिया रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. आर. डी. गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया।

सुन्दर दीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं एसजीयू के कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित किया और उनका मार्गदर्शन किया। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल और सुन्दर दीप एजुकेशनल सोसायटी के उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने भी छात्रों को प्रेरित किया। कुलपति प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार ने नए छात्रों का स्वागत किया और उन्हें कॉलेज की अकादमिक परंपराओं और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। प्रो-वाईस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव ने छात्रों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम का समापन फार्मेसी कॉलेज के एचओडी प्रो. डॉ. प्रसून कुमार सक्सेना के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों और आयोजक समितियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी विभागों के डायरेक्टर डॉ. दीपा कंवर, डॉ. मोनिका सेंगर, डॉ. अवधेश प्रताप, डॉ. हरवीर, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. अंजलि कावत्रा, डॉ. कोकिला, डॉ. ज्योति चौधरी, डॉ. हेमंत की भी उपस्थिति रही।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सफर ये आसमां का हौसलों के साथ तय होगा, प्रेरणा की मिसाल बनीं किरण सिंह, जिन्होंने अपने आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से यह संदेश दिया कि जीवन में खामोशी भी ताकत होती है, और हौसले से बढ़कर कोई सहारा नहीं उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# पीओके में क्रैश हुआ पाकिस्तानी सेना का हेलिकॉप्टर दो अधिकारियों समेत पांच जवानों की हुई मौत

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, एमआई-17 हेलिकॉप्टर नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था, जिसमें उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद चालक दल ने जबरन 'क्रैश-लैंडिंग' की कोशिश की, लेकिन हेलिकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया। यह घटना रात करीब 1 बजे हुडोर गांव के पास हुई, जो दियामेर जिले के ठकदास कैंटोनमेंट से लगभग 12 किलोमीटर दूर है।


इन अधिकारियों और जवानों की मौत इस हादसे में मारे गए पाकिस्तानी सेना जवानों की पहचान हो गई है। जिनमें पायलट इन कमांड मेजर आतिफ, को-पायलट मेजर फैसल, फ्लाइट इंजीनियर नायब सुबेदार मकबूल, क्रू चीफ हवलदार जहांगीर और क्रू चीफ नायक आमिर शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण मिशन, ऑपरेशनल तैयारियों को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से कराए जाते हैं। इनका मकसद युद्धकालीन मिशन, ऑपरेशनल सपोर्ट, मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों में दक्षता बनाए रखना है। इससे पहले गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फराक ने पहले कहा था कि 'हमारे एक हेलिकॉप्टर' का दियामेर जिले के चिलास इलाके में हादसा हुआ है, जिसमें पांच चालक दल के सदस्य मारे गए। उनके बयान से ऐसा लगा कि यह हेलिकॉप्टर स्थानीय सरकार का था और मारे गए लोग भी वहीं से जुड़े थे। हालांकि कुछ घंटे बाद सेना के मीडिया विंग ने साफ किया कि यह हेलिकॉप्टर सेना का था, जो प्रशिक्षण मिशन पर था। **हेलिकॉप्टर हादसे पर पुलिस का बयान:** दियामेर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अब्दुल हमीद ने बताया कि हेलिकॉप्टर एक नवनिर्मित प्रस्तावित हेलीपैड पर टेस्ट लैंडिंग कर रहा था, तभी यह हादसा हो गया। बता दें कि पाकिस्तान में पिछले कुछ समय से हेलिकॉप्टर हादसे बढ़े हैं। हाल ही में खैबर पख्तूनख्वा सरकार का एक हेलिकॉप्टर भी दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।



**पाकिस्तान के कब्जे कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में सोमवार तड़के सेना का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच सैन्यकर्मी मारे गए। मृतकों में दो अधिकारी भी शामिल हैं**

# क्षेत्रीय शांति व स्थिरता को बनाए रखने में एससीओ की अहम भूमिका, वैश्विक नेताओं से बोले जिनपिंग

**तियानजीन ।** चीन की मेजबानी में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का दो दिवसीय शिखर सम्मेलन रविवार शाम तिनजियान में औपचारिक तौर पर शुरू हो गया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बंदरगाह शहर तिनजियान में जुटे विश्व नेताओं के लिए विशाल भोज का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, एससीओ सुरक्षा मंच पर क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की रक्षा करने के साथ अपने सदस्य देशों के विकास व समृद्धि को बढ़ावा देने की अधिक जिम्मेदारी है। जिनपिंग ने स्वागत भोज में कहा कि मौजूदा एससीओ शिखर सम्मेलन सभी पक्षों के बीच आम सहमति बनाने और सहयोग को गति देने के महत्वपूर्ण मिशन पर केंद्रित है। जिनपिंग ने कहा, क्षेत्रीय शांति व स्थिरता की रक्षा करने और वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती अनिश्चितताओं को देखते हुए एससीओ की जिम्मेदारियां और भी बढ़ जाती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पक्षों के साझा प्रयासों से, शिखर सम्मेलन सफल होगा और एससीओ निश्चित तौर पर और भी बड़ी भूमिका निभाएगा और अधिक प्रगति हासिल करेगा। जिनपिंग ने कहा, यह संगठन सदस्य देशों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देने, वैश्विक दक्षिण की ताकत को एकजुट करने और मानव सभ्यता की और अधिक प्रगति को आगे बढ़ाने में और बड़ा योगदान देगा। गौरतलब है कि जून, 2001 में शंघाई में स्थापित एससीओ छह संस्थापक सदस्यों से बढ़कर 26 देशों के परिवार में बदल चुका है, जिसमें 10 सदस्य देश, दो पर्यवेक्षक और एशिया, यूरोप और अफ्रीका में फैले 14 संवाद साझेदार शामिल हैं। एजेंसी दुनियाभर के नेता आज करेंगे वैश्विक मुद्दों पर मंथन शिखर सम्मेलन में परस्पर संवाद का मुख्य आयोजन सोमवार को होगा, जिसमें 10 सदस्य देशों के साथ ही आमंत्रित वैश्विक नेता तमाम अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी-अपनी बात रखेंगे। चीन ने इस बार सदस्य देशों के अलावा 20 विदेशी नेताओं और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस सहित 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों को आमंत्रित किया है।



# हूती विद्रोहियों का दावा- लाल सागर में इस्राइली तेल टैंकर को मिसाइल से बनाया निशाना, तनाव बढ़ा

**दुबई ।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को कहा कि उन्होंने सऊदी अरब के तट के पास लाल सागर में एक तेल टैंकर पर मिसाइल दागी। इससे इस वैश्विक जल मार्ग पर जहाजों पर उनके हमलों की फिर शुरूआत हो सकती है।

हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारि ने एक रिकॉर्डेड संदेश में इस हमले की जिम्मेदारी ली। यह संदेश हूती नियंत्रित सैटेलाइट न्यूज चैनल अल-मसीरा पर प्रसारित हुआ। उन्होंने दावा किया कि यह 'स्कारलेट रे' जहाज इस्राइल से जुड़ा हुआ था। जहाज के मालिकों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका।

ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम मरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने बताया कि सऊदी अरब के यानबू इलाके के पास एक जहाज ने पानी में किसी चीज के गिरने की आवाज (छपाक) और एक धमाका सुना। यह सेंटर मध्य पूर्व में जहाजों की आवाजाही पर नजर रखता है। नवंबर 2023 से दिसंबर 2024 तक हूती विद्रोहियों ने इस्राइल-हमास युद्ध के दौरान गाजा पट्टी में 100 से अधिक जहाजों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया। अब तक अपने अभियान में हूती विद्रोहियों ने चार जहाजों को डुबाया है और आठ नाविकों की जान ली है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने युद्ध के दौरान एक छोटे युद्धविराम के दौरान अपने हमले बंद कर दिए थे। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर एक साप्ताहिक हवाई हमले हुए, जिसके बाद उन्होंने हूती विद्रोहियों के साथ युद्धविराम की घोषणा की। जुलाई में हूती विद्रोहियों ने दो जहाज डुबोए, जिनमें चार लोग मारे गए।

हूती विद्रोहियों के ताजा हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब इस्राइल और हमास के बीच युद्ध में युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। वहीं, ईरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम का भविष्य भी सवालों के घेरे में है। इस्राइल और ईरान के 12 दिनों तक संघर्ष चला था, जिसमें अमेरिकी बलों ने तीन ईरानी परमाणु ठिकानों पर बमबारी की थी।



# रूस पर विमान का रडार जाम करने के गंभीर आरोप, फ्लाइट में ईयू के नेता थे सवार

**मॉस्को ।** एक यूरोपीय संघ (ईयू) अधिकारी ने रूस पर विमान के रडार को जाम करने के मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक ईयू के अधिकारी ने कहा है कि रूस ने बुल्गारिया के ऊपर गुजर रहे यूरोपीय संघ के नेता के विमान का रडार जाम कर दिया, उसे इस बात पर गंभीर संदेह है।

## विमान की सुरक्षित लैंडिंग और लेयेन का दौरा

अधिकारियों के मुताबिक, विमान को सुरक्षित तरीके से प्लोवदिव एयरपोर्ट पर उतार लिया गया। इस घटना से उड़ान में कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके बाद वॉन डेर लेयेन ने अपनी तय यात्रा जारी रखने का फैसला किया। बता दें कि उसुर्ला वॉन डेर लेयेन इन दिनों चार दिवसीय दौरे पर हैं। यह दौरा यूरोपीय संघ के उन देशों का है जो रूस और बेलारूस की सीमाओं से सटे हैं। वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन युद्ध की लगातार आलोचना करती रही हैं। इसी वजह से माना जा रहा है कि यह घटना कोई साधारण तकनीकी गड़बड़ी नहीं बल्कि सोच-समझकर की गई कार्रवाई हो सकती है। यूरोपीय आयोग की प्रतिक्रिया यूरोपीय आयोग की प्रवक्ता एरियाना पोडेस्टा ने कहा, 'हम पुष्टि कर सकते हैं कि जीपीएस जामिंग हुई थी। बुल्गारियाई प्राधिकरण ने हमें बताया है कि यह रूस की सीधी दखलंदाजी का नतीजा हो सकता है।' उन्होंने आगे कहा कि यह घटना इस बात को रेखांकित करती है कि वॉन डेर लेयेन का यह दौरा कितना जरूरी और संवेदनशील है। बुल्गारिया का आधिकारिक बयान वहीं इस घटना पर बुल्गारियाई सरकार ने भी बयान जारी कर कहा कि, 'विमान की जीपीएस नैविगेशन प्रणाली को बाधित किया गया। जब विमान प्लोवदिव हवाईअड्डे के नजदीक पहुंचा तो उपग्रह से आने वाला सिग्नल पूरी तरह से गायब हो गया।' इस मामले में अब यूरोपीय आयोग का कहना है कि यह घटना साबित करती है कि रूस और उसके सहयोगी देशों से लगातार खतरा बना हुआ है। यूरोपीय संघ ने साफ किया है।



# अफगानिस्तान में 6 तीव्रता के भूकंप के झटके तबाही जैसे हालात, भारत ने बढ़ाए मदद के हाथ

**काबुल ।** इस बीच भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान की मदद करने का वादा किया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस कठिन समय में अफगानिस्तान को भारत की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में आया विनाशकारी भूकंप गहरी चिंता का विषय है। हम अफगान लोगों के प्रति अपना समर्थन और एकजुटता व्यक्त करते हैं, क्योंकि वे इस संकट से जूझ रहे हैं। भारत इस मुश्किल घड़ी में सहायता प्रदान करेगा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, 'अफगानिस्तान में भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि से मुझे गहरा दुख हुआ है। इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तैयार है।' अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप का केंद्र नांगरहार प्रांत के जलालाबाद के पास 8 किलोमीटर की गहराई पर था।




**अफगानिस्तान में रविवार रात को एक बार फिर से भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। पाकिस्तान सीमा के पास दक्षिण-पूर्वी अफगानिस्तान में भूकंप के झटकों की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 6 मापी गई है। कुछ एजेंसियों ने भूकंप की तीव्रता 6.3 बताई। भूकंप के तेज झटकों के चलते लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। अब तक 800 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है, जबकि 2500 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं।**

# पीएम मोदी का चीन दौरा सफल रहा, रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के बाद दिल्ली हुए रवाना

**तियानजिन ।** पीएम मोदी अपना चीन का सफल दौरा पूरा कर दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। दिल्ली रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में यूक्रेन युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने की अपील पीएम मोदी ने की और साथ ही भारत और रूस के रिश्तों को खास बताया। पीएम मोदी का चीन दौरा इसलिए खास रहा क्योंकि इस दौरे से भारत और चीन के रिश्तों में गरमाहट लौटी है और दोनों देश विवाद सुलझाने पर सहमत हुए। साथ ही एससीओ शिखर सम्मेलन के घोषणा पत्र में पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई, जो भारत की कूटनीतिक जीत है। अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद के बीच पीएम मोदी के चीन दौरे पर पूरी दुनिया की निगाहें थीं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी से कहा, 'आपसे मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। एससीओ वैश्विक दक्षिण और पूर्व के देशों को एकजुट करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। 21 दिसंबर, 2025, भारत-रूस संबंधों को 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' के रूप में विकसित करने की 15वीं वर्षगांठ है। हमारे बीच बहुआयामी संबंध हैं। आज की बैठक से भारत-रूस संबंधों को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। रूस और भारत के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। पीएम मोदी ने कहा 'भारत और रूस हमेशा कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं।



# अदालत से ट्रंप प्रशासन को झटका न्यायाधीश ने ग्वाटेमाला के बच्चों को वापस भेजने पर फिलहाल रोक लगाई

**हार्लिंगन ।** अदालत से ट्रंप प्रशासन को झटका लगा है। एक अमेरिकी न्यायाधीश ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को अस्थायी रूप से ट्रंप प्रशासन को ग्वाटेमाला के उन बच्चों को निर्वासित करने से रोक दिया, जो बिना परिवार के सीमा पार कर अमेरिका पहुंचे थे। बच्चों के वकीलों ने अदालत को बताया कि इन्हें रातों-रात विमानों में बैठाकर वापस भेजा जा रहा था, जबकि कानून ऐसे प्रवासी बच्चों को खास सुरक्षा देता है। ऐसा करना कानून का उल्लंघन है।

10 ग्वाटेमाला के 10 से 17 वर्ष की आयु के नाबालिगों के वकीलों ने शनिवार देर रात (स्थानीय समयानुसार) अदालत में दस्तावेज दायर किए, जिसमें कहा गया है कि ऐसे खबरें थीं कि कुछ घंटों के भीतर ही बच्चों को लेकर विमान ग्वाटेमाला रवाना होने वाले थे।

बच्चों को 14 दिनों तक निर्वासित न करने का आदेश हालांकि, वाशिंगटन की एक संघीय न्यायाधीश ने आदेश दिया कि इन बच्चों को कम से कम 14 दिनों तक निर्वासित नहीं किया जा सकता। रविवार (स्थानीय समयानुसार) को त्वरित सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि बच्चों को विमान से उतारकर फिर से शरणार्थी पुनर्वास केंद्र कार्यालयों में रखा जाए, जब तक कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। ग्वाटेमाला के सभी नाबालिगों पर लागू होता है आदेश न्यायाधीश स्पार्कल एल. सूकननन ने कहा, 'मैं नहीं चाहती कि इसमें कोई भ्रम रहे।' उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आदेश उन सभी ग्वाटेमाला के नाबालिगों पर लागू होता है, जो अमेरिका बिना माता-पिता या अभिभावक के पहुंचे हैं। सरकारी वकीलों का दावा- माता-पिता के अनुरोध पर वापस भेजे जा रहे थे बच्चे इस बीच, सरकारी वकीलों का कहना है कि बच्चों को निर्वासित नहीं जा रहा था, बल्कि उनके माता-पिता या अभिभावकों के अनुरोध पर वापस भेजा जा रहा था। हालांकि, बच्चों के वकीलों ने इस दावे पर सवाल उठाए हैं और कहा कि कई मामलों में यह सही नहीं है।



# इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप में हेलीकॉप्टर से संपर्क टूटा

**जकारता ।** इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर सोमवार को एक बड़ा हादसा हुआ। आठ लोगों को लेकर जा रहा एक हेलीकॉप्टर अचानक उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही लापता हो गया। एयरबस बीके117 डी-तीन मॉडल का यह हेलीकॉप्टर ईस्टिंडो एयर कंपनी का था। ये दक्षिण कालिमंतान प्रांत के कोटाबारू जिले के हवाई अड्डे से उड़ा था और इसे मध्य कालिमंतान के पालतांगकराया शहर पहुंचना था। लेकिन उड़ान भरने के केवल आठ मिनट बाद ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल से इसका संपर्क टूट गया।

अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर का आखिरी संपर्क सुबह 08:54 बजे हुआ था। इसे पालतांगकराया शहर सुबह 10:15 बजे पहुंचना था। लेकिन उससे पहले ही इसका लोकेशन मिलना बंद हो गया। हेलीकॉप्टर में एक पायलट, एक इंजीनियर और छह यात्री सवार थे। प्रशासन ने आशंका जताई कि यह हेलीकॉप्टर तनाहबुम्बू जिले के मांटवे जंगल क्षेत्र में गायब हुआ है।

बांजरमासिन सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी के प्रमुख आई पुतु सुदायना ने कहा कि एजेंसी को हेलीकॉप्टर के गायब होने की सूचना दोपहर 12:02 बजे मिली। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीमों को अलर्ट किया गया और खोज अभियान शुरू किया गया। फिलहाल टीमों ने जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में तलाश शुरू कर दी है।

बचाव अभियान में झोंकी ताकतः सुदायना ने कहा कि बचाव के लिए जमीनी दल और हवाई दल दोनों को भेजा गया है। आग बुझाने वाले एक विशेष हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल भी सर्च ऑपरेशन में किया जा रहा है। कठिन इलाकों में अभियान चलाने के कारण टीमों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही हेलीकॉप्टर और यात्रियों का पता चल सकेगा।



## आठ यात्री सवार


**यात्रियों की सुरक्षित वापसी की उम्मीदः** स्थानीय प्रशासन और रेस्क्यू एजेंसियों ने लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। सुदायना ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षित वापसी है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि आज ही हेलीकॉप्टर का लोकेशन मिल जाएगा और सभी यात्री सुरक्षित होंगे। इस घटना के बाद क्षेत्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने भी अलर्ट जारी कर दिया है।

# 50 हजार उद्योगों वाले जिले में सिर्फ 3 अफसर

## आईसीआईएम ने सीएम योगी से की मजबूत श्रम विभाग की मांग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नोएडा, इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपकर गौतम बुद्ध नगर में श्रम विभाग की स्थिति मजबूत करने की माँग की है। संगठन ने कहा है कि 50 हजार से अधिक औद्योगिक इकाइयों वाले इस ज़िले में फिलहाल केवल तीन अफसर कार्यरत हैं, जिनमें से दो के पास कोई विशेष अधिकार नहीं है।

आईसीआईएम के चेयरमैन सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक राजधानी कहे जाने वाले गौतम बुद्ध नगर का श्रम विभाग कार्मिक संकट से जूझ रहा है। इसके चलते हजारों मामले लंबित हैं और शिकायत निवारण व अनुपालन की प्रक्रिया गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है।



**औद्योगिक परिदृश्य :** जिले में वर्तमान में लगभग 8,000 फैक्ट्रियाँ फैक्ट्री अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हैं। 9,000 प्रतिष्ठान दुकानदार एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान अधिनियम के तहत आते हैं, जबकि 3,000 ठेकेदार कॉन्ट्रैक्ट लेबर एक्ट के अंतर्गत कार्यरत हैं। इसके अलावा करीब 25,000 इकाइयाँ बिना किसी पंजीकरण के चल रही हैं।

### आईसीआईएम की माँगें

- एक अपर श्रम आयुक्त,
- दो उप श्रम आयुक्त और
- छह सहायक श्रम आयुक्त की तुरंत नियुक्ति की जाए।
- साथ ही रिक्त लिपिकीय व सहायक पदों पर भी जल्द नियुक्तियाँ हों।

**श्रम विभाग में स्टाफ की भारी कमी :** इतने बड़े औद्योगिक ढाँचे के बावजूद जिले में सिर्फ.एक उप श्रम आयुक्त और दो सहायक श्रम आयुक्त तैनात हैं। कई लिपिकीय पद लंबे समय से खाली हैं और कुछ अधिकारी जल्द सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

**ईपीएफओ का उदाहरण :** ज्ञापन में कहा गया कि पिछले वर्ष कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने जिले में बढ़ते कार्यभार को देखते हुए अतिरिक्त स्टाफ नियुक्त किया था, जिससे शिकायत निवारण तेज हुआ और नियोक्ताओं व श्रमिकों दोनों को राहत मिली। श्रम विभाग में भी यही कदम उठाना आवश्यक है।

**औद्योगिक भविष्य पर असर :** सत्येन्द्र सिंह ने चेतावनी दी कि समय पर नए पद न बनने पर औद्योगिक विवाद बढ़ सकते हैं और अनुपालन में देरी होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यदि यह सुधार लागू होता है तो यह न केवल श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा बल्कि निवेशकों का विश्वास भी बढ़ाएगा।

आईसीआईएम का मानना है कि यह कदम उत्तर प्रदेश को भारत का अग्रणी औद्योगिक राज्य बनाने और $1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने दी भगवान दास प्रजापति को श्रद्धांजलि





**पिलखुवा, करंट क्राइम।** नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने नगर पालिका परिवार के साथ मिलकर सभासद डॉ. राजेश कुमार के पूजनीय पिताजी भगवान दास प्रजापति के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित शोक सभा के दौरान विभु बंसल ने शोक संदेश पढ़ा और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि भगवान से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और परिवार को इस कठिन घड़ी को सहन करने की शक्ति दें। इस मौके पर नगर पालिका परिवार के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सभा के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

## हर पात्र को मिले सरकारी योजना का लाभ : रविन्द्र कुमार माँदड़





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कोई भी पात्र व्यक्ति किसी योजना से वंचित न रह जाए।

जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ सभी योग्य छात्रों तक पहुँचे और इस हेतु कैंप लगाकर अधिक से अधिक बच्चों को पंजीकृत किया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी सरकारी योजना का हकदार है, उसे हर हाल में लाभ मिलना चाहिए। कृषि क्षेत्र के अधिकारियों को किसानों को प्रधानमंत्री किसान निधि, फसल बीमा और पशुपालन संबंधी योजनाओं के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए गए। ग्राम्य विकास विभाग को महिला सहायता समूहों और स्वावलंबी लोगों के उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने की रणनीति बनाने को कहा गया। स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में मरीज को भटकना न पड़े और उसका शोषण न होने पाए।

उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और एम्बुलेंस में आवश्यक उपकरणों व विशेषज्ञ की उपस्थिति सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी आवेदन को निरस्त करने से पहले पूरी तरह से जांच की जाए और कमियों को दूर करने का अवसर दिया जाए। आईजीआरएस पर आने वाली सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने पर भी जोर दिया गया।

# 13 स्कूलों के 4613 छात्र-छात्राओं ने ‘भारत को जानो प्रतियोगिता’ में भाग लिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत विकास परिषद गाजियाबाद मुख्य शाखा द्वारा संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत आयोजित ‘भारत को जानो प्रतियोगिता 2025’ का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह प्रतियोगिता 4 अगस्त से 28 अगस्त तक आयोजित की गई, जिसमें शहर के 13 प्रतिष्ठित स्कूलों के 4613 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें जूनियर वर्ग से 1805 तथा सीनियर वर्ग से 2808 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शाखा अध्यक्ष एडवोकेट अक्षय भारद्वाज, सचिव संजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ सदस्यों तथा संयोजक मनोज अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। परिषद ने बताया कि विजेता छात्रों के लिए सितंबर के अंत या अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा गया पानी

## गाजियाबाद में यमुना का जलस्तर बढ़ने की संभावना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) सौरभ भट्ट ने बताया कि हथिनी कुंड बैराज, सहारनपुर से सोमवार को 3,21,653 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके चलते गाजियाबाद जिले में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने की आशंका जताई गई है।

एडीएम ने आमजन से अपील की है कि संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सतर्क रहें और आवश्यक सावधानियाँ अपनाएँ। उन्होंने कहा कि लोग रेडियो, टेलीविजन और सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार जानकारी प्राप्त करते रहें तथा पहले से ऊँचे स्थानों को चिन्हित कर लें।

**आपातकालीन सहायता के लिए नंबर जारी :** सौरभ भट्ट ने बताया कि किसी भी चिकित्सीय सहायता के लिए 108 और 102 टोल फ्री नंबर पर कॉल किया जा सकता है। इसके अलावा जिला मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम नंबर 0120-2989032, 2986150 और टोल फ्री नंबर 1077 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### एडीएम ने दिए एहतियाती उपाय

- खाद्य सामग्री जैसे बिस्कुट, लाई, भुना चना आदि पहले से एकत्र करें।
- राशन कार्ड, पासबुक, आधार कार्ड जैसे आवश्यक कागजात वॉटरप्रूफ बैग में सुरक्षित रखें।
- क्लोरिन, ओआरएस और आवश्यक दवाइयाँ प्राथमिक उपचार किट में रखें।
- सूखा अनाज और पशुओं का चारा ऊँचे स्थान पर सुरक्षित रखें।
- बाढ़ की चेतावनी मिलते ही गर्भवती महिलाएँ, बच्चे, वृद्ध, दिव्यांगजन और बीमार व्यक्तियों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया जाए।

# डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने किया उद्घाटन

## एनसीआरटीसी के सहयोग से बनी नई चौकी का उद्घाटन

## अब बेहतर कार्यस्थल पर काम करेंगे पुलिसकर्मी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नगर जोन के थाना सिहानी गेट क्षेत्र में चौकी मेरठ तिराहा के नवनिर्मित भवन का सोमवार को उद्घाटन डीसीपी सिटी जोन आईपीएस धवल जायसवाल ने किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आईपीएस मुकुंद श्रीराम उपाध्याय, जो वर्तमान में प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त हैं, विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। नई चौकी भवन एनसीआरटीसी के सहयोग से तैयार हुआ है। मेरठ तिराहा क्षेत्र शहर का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां से रेपिड रेल कॉरिडोर, मेट्रो स्टेशन और यात्रियों का लगातार आना-जाना बना रहता है। साथ ही दिल्ली-मेरठ मार्ग से गुजरने वाला भारी ट्रैफिक इस क्षेत्र को पुलिसिंग की दृष्टि से और भी संवेदनशील बनाता है।



### कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में होगी मदद

**करंट क्राइम :** सिहानी गेट थाने की नवनिर्मित चौकी भवन शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन के फ्लाईओवर के नीचे स्थापित किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस चौकी से कानून व्यवस्था पर बेहतर निगरानी, यातायात नियंत्रण और अपराध नियंत्रण अधिक प्रभावी हो सकेगा। साथ ही स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा की भावना भी मजबूत होगी। भवन को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह पुलिस बल की कार्यकुशलता बढ़ाने के साथ-साथ नागरिकों को सुविधाजनक माहौल प्रदान कर सके।



### पुलिसिंग होगी और बेहतर : डीसीपी

**करंट क्राइम :** उद्घाटन अवसर पर आईपीएस धवल जायसवाल ने कहा, यह नई चौकी पुलिस कार्रवाई के लिए मजबूत आधार बनेगी। इससे पुलिस की दृश्यता और पहुंच बढ़ेगी, त्वरित कार्रवाई संभव होगी, अपराध नियंत्रण अधिक प्रभावी होगा और जनता से तालमेल और बेहतर होगा। इस अवसर पर एडीसीपी-एसीपी नंदग्राम पनूम मिश्रा, मुख्य सुरक्षा आयुक्त एसड. मिश्रा (सेवानिवृत्त आईपीएस), उप सुरक्षा आयुक्त के.पी. सिंह, सहायक सुरक्षा आयुक्त बी.पी. सिंह, थाना सिहानीगेट प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सहित एनसीआरटीसी के कई वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वेव सिटी के सैकड़ों किसानों ने जीडीए पर किया जोरदार प्रदर्शन, समझौते को लागू कराने की मांग








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अपनी मांगों को लेकर वेव सिटी योजना से प्रभावित किसानों ने सोमवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण यानि जीडीए पर हल्ला बोल जोरदार प्रदर्शन किया। सैंकडों की संख्या में किसानों ने जीडीए मुख्यालय के बाहर धरना दिया। धरने के दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की।

किसानों का आरोप है कि विकास प्राधिकरण साल 2014 में उनके और वेव सिटी के बीच हुए समझौते को लागू नहीं करवा पा रहा है। उनको तारीख पर तारीख मिल रही है। अगर उनका समझौता लागू नहीं हुआ तो वह कंपनी को काम नहीं करने देंगे।

वेव सिटी और सनसिटी में जिन किसानों की जमीन गई है उसके लिए बनी किसान संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। समिति के सदस्य आनंद गुर्जर ने बताया कि वर्ष 2014 में किसानों का और वेव सिटी के बीच समझौता हुआ था। जिस समय समझौता हुआ था उस समय गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, प्रशासन और पुलिस भी मौजूद थी। इस समझौते में दोनों बिल्डर ने उनकी 14 सूत्रीय मांग मानी थी। जिसमें मुख्य रूप से किसानों को विकसित प्लाट देना साथ में मुआवजा रिवाइज करना था।

किसानों का कहना है कि 2014 से अब तक लगातार उनको तारीख मिल रही है। कई बार महापंचायत कर अपनी मांगें उठाई लेकिन जीडीए ने कोई पहल नहीं की। डीजीए सिर्फ आश्वासन दे रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसानों का काम नहीं हुआ वह इन कंपनियों को भी काम नहीं करने देंगे।

# सपा के वरिष्ठ नेता अनिल यादव के आवास पर पहुंचे शिवपाल यादव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री शिवपाल यादव आज सपा के वरिष्ठ नेता अनिल यादव के आवास पर पहुँचे। इस दौरान यश यादव, पिंटू यादव, शिवराम यादव, बबल भाटी, सुमित यादव, यश यादव (चिम्पू) सहित कई अन्य कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

# एडीशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने लिंक रोड और इंदिरापुरम थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण

## पुलिसकर्मियों की वर्किंग जांची

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एडीशनल सीपी (अपराध एवं कानून-व्यवस्था) आलोक प्रियदर्शी ने मंगलवार को ट्रांस हिंडन क्षेत्र के थाना लिंक रोड और इंदिरापुरम का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड संधारण और जनता से व्यवहार की बारीकियों को परखा। इस मौक पर उन्होंने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, मालखाना में रखे माल के रखरखाव और सुरक्षा की व्यवस्था की गहन जांच की। उन्होंने महिला अपराध संबंधी अभिलेखों समेत अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों की स्थिति देखी और उन्हें समयबद्ध तरीके से अपडेट रखने के निर्देश दिए।





### जनता से रखा जाए मृदुल व्यवहार

**करंट क्राइम :** निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने पुलिसकर्मियों को आगन्तुकों और शिकायतकर्ताओं के साथ मृदुल व्यवहार रखने और उनकी समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाला हर व्यक्ति पुलिस से न्याय और सुरक्षा की उम्मीद लेकर आता है, इसलिए शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करना प्राथमिक दायित्व है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मालखाने में रखी जब्ती वस्तुओं का उचित रखरखाव किया जाए और सुरक्षा के लिहाज से किसी प्रकार की लापरवाही न हो। वहीं, महिला हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय व संवेदनशील बनाने पर बल दिया।

निरीक्षण के अंत में आलोक प्रियदर्शी ने थाना प्रभारी और मौजूद पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता से समन्वय बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के पहले दिन 1,427 चालकों पर हुई कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सड़क सुरक्षा और दोपहिया दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के मकसद से यातायात पुलिस ने नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान शुरू किया है। अभियान के पहले दिन ही शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर 1,427 दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान में पेट्रोल पंप स्वामियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए और पंपों पर अभियान के बैनर लगाए जाएँ। यातायात पुलिस ने चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूक किया और कहा कि यह केवल नियम पालन नहीं, बल्कि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है।

## एडीसीपी ट्रैफिक ने चलवाया अभियान





### एडीसीपी ट्रैफिक बोले अभियान का मकसद सुरक्षा को बढ़ावा

**करंट क्राइम :** एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने कहा है कि हेलमेट आपकी सुरक्षा है, विकल्प नहीं। यह अभियान 01 सितंबर 2025 से एक माह तक लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी गाजियाबाद, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात और यातायात निरीक्षक गण भी मौजूद रहे।

